

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल



■ ग्वालियर ■ वर्ष : 4 ■ अंक : 325

ग्वालियर, मंगलवार, 18 जनवरी, 2022

■ पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.

## खास खबर

### वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली शुरू करने की तैयारी में सेबी

**नई दिल्ली।** सेबी निवेशकों और विनियमित संस्थाओं के बीच विवादों को हल करने के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान प्रणाली शुरू करने के संबंध में परीक्षण कर रहा है। नियामक ने इसकी जानकारी दी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए नवंबर, 2021 में एक निवेशक चार्टर या घोषणापत्र प्रकाशित किया था। इसका मकसद बाजार में पारदर्शिता लाना तथा निवेशकों के बीच जागरूकता, भरोसा और विश्वास बढ़ाना था। सेबी ने कहा कि तब से चार्टर को लागू करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। बाजार नियामक ने संबंधित संस्थाओं के परामर्श से विभिन्न मध्यवर्तियों के लिए निवेश गतिविधियों के संबंध में अलग-अलग चार्टर तैयार किए हैं। इन चार्टर में बिचौलियों द्वारा निवेशकों को दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं, उनकी समयसीमा, निवेशकों द्वारा प्रासंगिक दस्तावेजों के संरक्षण और निवेशक शिकायत समाधान प्रणाली आदि से संबंधित जानकारियां शामिल हैं।

### पीएम की सुरक्षा पर चन्नी ने जताया खेद, पीएम मोदी के लिए पढ़ा शेयर तुम सलामत रहो कयामत तक

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने पिछले दिनों राज्य के दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा में हुई चूक को लेकर खेद प्रकट कर उनकी सलामती की कामना करने के लिए शेर भी पढ़ा। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कोरोना की स्थिति पर समीक्षा के लिए प्रधानमंत्री द्वारा बुलाई गई मुख्यमंत्रियों की बैठक के दौरान चन्नी ने उनके दीर्घायु होने की कामना करते हुए शेर सुनाया। सूत्रों के मुताबिक चन्नी ने मोदी से कहा कि उनके पंजाब दौरे के दौरान जो कुछ भी हुआ उसका उन्हें खेद है, क्योंकि देश का प्रधानमंत्री होने के नाते वह उनके लिए बहुत सम्मानित हैं। उन्होंने कहा, तुम सलामत रहो कयामत तक और खुदा करे कि कयामत ना हो।'' ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा चूक के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आक्रामक रवैया अपनाकर सीधे तौर पर पंजाब सरकार को दोषी ठहरा रही है। भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और पंजाब सरकार पर प्रधानमंत्री की हत्या की साजिश रचने तक का आरोप लगाया है। चन्नी पहले भी घटना को लेकर खेद जता चुके हैं लेकिन साथ ही वह यह भी कहते रहे हैं कि प्रधानमंत्री की जान को कोई खतरा नहीं था। कुछ मौकों पर उन्होंने इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री का मजाक भी उड़ाया। उल्लेखनीय है कि पांच जनवरी को फिरोजपुर में किसानों द्वारा मार्ग अवरुद्ध करने के बाद प्रधानमंत्री का काफिला एक फ्लाईओवर पर करीब 20 मिनट तक रुका रहा था।

### लगातार पांचवें दिन पटना में कोरोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट

**पटना।** पटना में 1267 नए कोरोना संक्रमित मिले। लगातार पांचवें दिन राजधानी में कोरोना संक्रमितों की संख्या में गिरावट देखने को मिली है। इससे पहले पटना में रविवार को कोरोना से तीन लोगों की मौत हो गई। पिछले पांच दिनों में पटना में संक्रमण दर में लगातार कमी आ रही है। स्वस्थ होने के बाद बड़ी संख्या में अस्पताल से डिस्चार्ज होने वाले मरीजों के कारण अस्पतालों में भर्ती मरीजों की संख्या में भी अब कमी होने लगी है। तीसरी लहर में पटना के शहरी क्षेत्र की तुलना में गांवों में कोरोना का प्रसार काफी कम हुआ है। शहर के मुकाबले गांवों में सक्रिय संक्रमितों की संख्या करीब 91 फीसदी कम है। जिले के 17 प्रखंड ऐसे हैं जहां सक्रिय मरीजों की संख्या सौ से भी नीचे है। राहत की बात यह है कि शहरी और देहात के सभी इलाकों में सक्रिय संक्रमितों की संख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। रविवार तक पटना जिले में सक्रिय संक्रिमतों की संख्या कुल चौदह हजार छह रही। इनमें अकेले पटना सदर क्षेत्र में 11 हजार 365 सक्रिय मरीज हैं। इसके बाद फुलवारीशरीफ में 1012 तथा दानापुर में 581 सक्रिय मरीजों की संख्या है। इस तरह देखा जाए तो शहरी क्षेत्र के इन तीन प्रखंडों में कुल सक्रिय मरीजों की संख्या 12 हजार 958 है। देहात में 1048 मरीज ही बच जाते हैं। इस तरह शहरी क्षेत्र की तुलना में देहात में संक्रमण करीब 91 फीसदी कम है। देहात को देखें तो जिले में सबसे कम संक्रमण खुसरूपुर प्रखंड में है।

### छत्तीसगढ़: नक्सल मोर्चे पर तैनात 190 जवान कोरोना संक्रमित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में तैनात 190 जवान कोरोना संक्रमित हुए हैं। जानकारी के अनुसार सर्वाधिक 160 जवान सुकमा जिले में संक्रमित मिले है। इसके अलावा 19 जवान बीजापुर व 10 जवान नारायणपुर जिले में भी संक्रमित हुए हैं।छुट्टी से लौटने के बाद जवानों को पहले आइसोलेशन में रखने के बाद उनके जांच कि व्यवस्था की गई है।

## ज़िला शिवपुरी शहर के नवाब साहब रोड़, नया यातायात थाने के सामने पुष्पांजली टुडे कार्यालय का हुआ शुभारंभ

# पुष्पांजली टुडे कार्यालय का हुआ भव्य शुभारंभ





**शिवपुरी**-शिवपुरी शहर में दैनिक पुष्पांजली टुडे कार्यालय का हुआ भव्य शुभारंभ जिसमें संपादक भरत सिंह चौहान प्रबंधक संपादक श्री शैलेंद्र सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रामस्वरूप रजक जिला ब्यूरो प्रमुख अनिल कुशवाह एवं मोनू नामदेव जी द्वारा फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया गया।

शहर में नए यातायात थाने के सामने दैनिक पुष्पांजलि टुडे कार्यालय का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा नए कार्यालय खुलने से प्रसन्न होकर सभी पुष्पांजलि टुडे परिवार का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

समस्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रबंधक संपादक श्री शैलेंद्र कुशवाहा जी द्वारा फीता काटकर व सरस्वती माता जी के चरण कमलों में दीप प्रज्वलित कर पुष्प हार बा श्रीफल चढ़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में संपादक भरत सिंह चौहान प्रबंध संपादक शैलेंद्र कुशवाहा,राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी रामस्वरूप रजक एंकर रश्मि चौहान जी का जिला ब्यूरो अनिल कुशवाह ने माला पहनाकर हार्दिक स्वागत अभिनंदन व्यक्त किया। समस्त कार्यक्रम में संभागीय ब्यूरो हरिओम चतुर्वेदी संजीव शर्मा विपिन शर्मा हरिओम परिहार हरिओम खंगार धीरज ओझा मोनू नामदेव सोनम सोलंकी किरण सोलंकी श्रीकांत श्रीधर जनक सिंह रावत अरुण खंगार बलराम कटिंग सुरेंद्र धाकड़ (नेता जी) मनीष रावत सुनील कुशवाहा हेमंत यादव आशीष शर्मा सतीश कुशवाह मनीषा राजपूत आदि शामिल रहे।

## फिल्म अभिनेत्रियों को नियमों को ताक में रखकर कराए दर्शन



### सांसद अनिल फिरोजिया बोले - मामले में मुख्यमंत्री से करुंगा चर्चा

**भोपाल।** प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन के ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर की दर्शन व्यवस्था लंबे समय से विवादों में रही है। इसका कारण अधिकारी अपने द्वारा लिए गए निर्णयों पर ही अमल नहीं करा पाते हैं। इस वजह से कई बार विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। ताजा मामला सांसद अनिल फिरोजिया से जुडा है, उन्होंने महाकाल के दर्शन की मौजूदा व्यवस्था पर नाराजी व्यक्त की है। उनका कहना है कि अधिकारियों ने मंदिर को प्रयोगशाला बना दिया है। मंगलवार को वे इस विषय पर भोपाल में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान से चर्चा करेंगे। ताजा मामला फिल्म अभिनेत्री सारा अली खान के अपनी मां अभिनेत्री अमृता सिंह के साथ नंदी हाल में बैठकर दर्शन करने से जुड़ा है। मंदिर समिति ने कोरोना संक्रमण के चलते 30 दिसंबर से गर्भगृह व नंदी हाल में भक्तों के प्रवेश पर रोक लगा रखी है। अधिकारियों ने निर्णय लिया था कि प्रतिबंध के दौरान केवल पुजारी, पुरोहित व व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर के कर्मचारी ही प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। इस दौरान महाकाल दर्शन करने के लिए केरल के राज्यपाल सहित अनेक मंत्री आए। समिति ने इन्हें भी कोविड नियमों का हवाला देते हुए गणेश मंडपम् के प्रथम बैरिकेड्स से भगवान महाकाल के दर्शन कराए। किसी को भी नंदी हॉल में नहीं जाने दिया गया। शनिवार को महाकाल दर्शन करने आई फिल्म अभिनेत्रियों को नियमों को ताक में रखकर नंदी हाल से भगवान महाकाल के दर्शन कराए गए। उनके लिए नंदी हाल में कालीन तक बिछाया गया।

# सहमति समाज में कमतर आंकी गई अवधारणाओं में एक : राहुल

### इसे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वोपरि रखना चाहिए




**नई दिल्ली।** वैवाहिक रेप को अपराध मानने संबंधी याचिकाओं पर दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि सहमति समाज में कमतर आंकी गई अवधारणाओं में से एक है। इसे महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सर्वोपरि रखना चाहिए। एनजीओ आरआईटी फाउंडेशन और ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक वीमेंस एसोसिएशन द्वारा दायर जनहित याचिकाओं पर हाईकोर्ट में सुनवाई के बीच कांग्रेस नेता ने यह टिप्पणी की है। याचिकाओं में रेप संबंधी कानून के तहत पतियों को माने गए अपवाद को खत्म करने का अनुरोध किया गया है। कुछ पुरुष अधिकार संगठनों ने भी याचिका दायर की है, जो अपवाद को रद्द करने की मांग करने वाली याचिकाओं का यह कहते हुए विरोध कर रहे हैं कि भेदभाव का सवाल ही नहीं है और संसद ने भारतीय समाज के समग्र दृष्टिकोण को देखते हुए प्रावधान को बरकरार रखा है। राहुल गांधी ने हैशटैग मैरिटल रेप का इस्तेमाल करते हुए ट्वीट किया, सहमति हमारे समाज में कमतर आंकी गई अवधारणाओं में से एक है। महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे सर्वोपरि रखना चाहिए। केंद्र सरकार ने मामले में पूर्व में दाखिल अपने हलफनामे में कहा था कि वैवाहिक रेप को अपराध की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता, क्योंकि इससे ऐसी स्थिति बन सकती है जो विवाह की संस्था को अस्थिर कर सकती है और पतियों को परेशान करने का एक आसान साधन बन सकती है। दिल्ली सरकार ने अदालत को बताया है कि आईपीसी के तहत वैवाहिक रेप को पहले से ही क्रूरता के अपराध के रूप में शामिल किया गया है।


# लखनऊ का एक परिवार जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन में फंसा फिर हो गया लापता



**ऊधमपुर।** यूपी की राजधानी लखनऊ का एक परिवार जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर भूस्खलन आपदा में फंसने के बाद अचानक गायब हो गया है। बताया जा रहा है कि लखनऊ के विकास नगर का रहने वाला यह परिवार कश्मीर जा रहा था, लेकिन दो दिन पहले हुए भूस्खलन के कारण मार्ग में कहीं फंस गया। उसके बाद रामबन और ऊधमपुर पुलिस उन्हें राजमार्ग के साथ आसपास के क्षेत्रों में खोज रही है। साथ ही अस्पतालों और होटलों में भी उनका सुराग नहीं मिल पाया है।

रामबन जिला पुलिस को शनिवार को लखनऊ में उनके स्वजन से इंटरनेट मीडिया के माध्यम से परिवार के तीन सदस्यों का सुराग न लगने की सूचना मिली थी। लखनऊ निवासी महमूद खान, उनकी पत्नी द्राक्षा खान और बेटा शाहनवाज खान कश्मीर जा रहे थे। महमूद अली खान हाल ही में इंडियन आयल कारपोरेशन से रिटायर हुए थे। शुक्रवार को उनकी वाट्सएप पर परिवार से अंतिम बार चैट हुई थी। इसमें बेटे ने लिखा था कि भूस्खलन के कारण वह रास्ते में बुरे फंस गए हैं और कश्मीर नहीं पहुंच पाए हैं। अभी रास्?ते में ही अटके हैं। पिता की तबीयत भी खराब हो रही है। उन्होंने कुछ क्षेत्रों के फोटो भी साझा किए थे। उसके बाद उनका लखनऊ में परिवार से संपर्क नहीं हो पाया। रामबन की एसपी मोहिता शर्मा ने बताया कि तलाश अभियान जारी है। हमने काफी तलाश की है पर परिवार की कोई सूचना नहीं है। रामबन के डीएसपी हेडक?वार्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि परिवार को सब जगह खोजा गया है। परिवार ने बताया था कि अंतिम बार रामसू के पास थे पर कोई सुराग नहीं है। ऊधमपुर पुलिस की भी मदद ले रहे हैं।



## न्यूज़ ट्रैक....

### आईओए प्रमुख बत्रा हुए कोरोना संक्रमित

**नई दिल्ली** । भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष नरिंदर बत्रा कोविड-19 वायरस की जांच में पॉजिटिव पाये गये हैं। बत्रा के अलावा उनकी पत्नी भी संक्रमित पायी गयी हैं। आईओए प्रमुख ने हालांकि कहा है कि उन्हें अभी तक किसी प्रकार के कोई लक्षण नहीं हैं। उन्होंने साथ ही कहा कि हमारे परिवार, दोस्तों और साथियों में से सभी लोग जो 14 जनवरी से हमारे संपर्क में आए हों, उनसे अनुरोध है कि वे स्वयं अपनी जांच करा लें। बत्रा ने कहा कि हमें 22 जनवरी तक अलग-थलग रहने को कहा गया है। इस दौरान हम फोन और सोशल मीडिया के जरिये ही प्रशंसकों से जुड़े रहेंगे। बत्रा हाल ही में आयोजित 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की क्वींस बेटन रिले कार्यक्रम में भी शामिल हुए थे।

### केकेआर फ्रेंचाइजी से मेरा अलग रिश्ता : शुभमन

**कोलकाता** । युवा क्रिकेटर शुभमन गिल को इस बार कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिटेन नहीं किया है पर इस बल्लेबाज ने कहा है कि अगर अवसर मिले तो वह हमेशा ही इस टीम से खेलना चाहेंगे। गिल इस समय फिट नहीं होने के कारण खेल से बाहर हैं। केकेआर ने आंद्रे रसेल, सुनील नारायण, वेंकटेश अय्यर और वरूण चक्रवर्ती को बरकरार रखा है। गिल ने कहा कि मेरा केकेआर फ्रेंचाइजी से जिस तरह का रिश्ता है, वो मेरे लिए सचमुच खास है। उन्होंने कहा कि एक बार आप किसी एक फ्रेंचाइजी से जुड़ जाते हो तो आप उसी के साथ जुड़े रहना चाहते हो और हमेशा उसी के लिए ही खेलना चाहते हो। अगर मुझे केकेआर की ओर से खेलने का विकल्प मिलता है तो मैं हमेशा इसके लिए खेलना चाहूंगा। आईपीएल 2018 से पहले शुभमन को 1.8 करोड़ रूपये में खरीदा गया था। उन्होंने पहले ही सत्र में 13 मैचों में 146.04 के स्ट्राइक रेट से 203 रन बनाए थे हालांकि बाद में उनका स्ट्राइक रेट कम हो गया जिससे उनकी रन बनाने की गति कम हो गयी। उन्होंने अभी तक फ्रेंचाइजी के लिए 58 मैचों में 123 के स्ट्राइक रेट से 1417 रन बनाये हैं। वहीं केकेआर के एमडी और सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि इतने सारे खिलाड़ी हैं जिन्हें आप रिटेन करना चाहते हो पर यह संभव नहीं है।

### भारतीय महिला फुटबॉल टीम का पहला मुकाबला ईरान से होगा

**मुंबई** । भारतीय महिला फुटबॉल टीम गुरुवार को यहां ईरान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगी। ईरान के अलावा, भारतीय टीम इस प्रतियोगिता में चीनी ताइपे के साथ 23 जनवरी और चीन के साथ 26 जनवरी को खेलेगी। भारतीय टीम की मिडफील्डर इंदुमती कथैरेसन के अनुसार एएफसी महिला एशियाई कप के अपने पहले मैच में अच्छी शुरुआत से भारतीय टीम को लाभ होगा। इंदुमती ने कहा, ''हमारे लिए पहले मैच में ही अच्छी शुरुआत करना अहम रहेगा। इससे में हमें आगे बढ़ने आत्मविश्वास मिलेगा।''उन्होंने कहा, '' हम कुछ साल पहले हीरो गोल्ड कप में ईरान के खिलाफ खेले थे और वे अच्छी टीम हैं। वे एक ऐसी टीम है जिसने एशियाई कप के लिए क्वालीफाई किया है और वे सम्मान के पात्र हैं। हमें अपनी क्षमताओं पर भरोसा है, पर अति-आत्मविश्वास नहीं है।'' टीम की अग्रिम पंक्ति की खिलाड़ी दांगमेई ग्रेस ने कहा, '' यह दुख की बात है कि एशियाई कप में हमारा समर्थन करने के लिए प्रशंसक नहीं होंगे, खासकर जब हम इसकी मेजबानी कर रहे हैं। गौरतलब है कि कोरोना संक्रमण के कारण टीम को बायो-बबल (जैव-सुरक्षित माहौल) में रहना पड़ रहा है और महाराष्ट्र के तीन शहरों मुंबई, नवी मुंबई और पुणे में ही इसे आयोजित किया जा रहा है।

# नडाल और ओसाका की ऑस्ट्रेलियाई ओपन में जीत से शुरुआत

मेलबर्न (ईएमएस)। स्पेन के टेनिस स्टार राफेल नडाल ओर नाओमी ओसाका सोमवार से यहां शुरू हुए ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस में जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गये हैं। नडाल ने पुरुष एकल में अमेरिका के मार्कोस गिरोन को 6- 1, 6-4, 6- 2 से हराया। वहीं महिला वर्ग में ओसाका ने कामिला ओसोरियो को 6-3, 6-3 से हराया। ओसाका ने पिछले साल यहां जीतने के बाद फ्रेंच ओपन 2021 से दूसरे दौर के मैच के बाद नाम वापिस ले लिया था और विम्बलडन भी नहीं खेली जबकि पांचवीं वरीयता प्राप्त मारिया सक्कारी ने ततयाना मारिया को 6-4, 7 -6 से हराया। बेलिंडा बेंचिच ने क्रिस्टीना म्लादेनोविच को 6 - 4, 6-3 से पराजित किया। पुरुष एकल में नडाल के पास इस बार सर्बिया के नोवाक जोकोविच और स्विटजरलैंड के रोजर फेडरर से आगे निकलने का अवसर है। कोरोनो टीकाकरण नहीं होने के कारण जोकोविच को ऑस्ट्रेलियाई ओपन से बाहर कर दिया गया है। वहीं फेडरर सर्जरी के कारण इसमें भाग नहीं ले रहे है। नडाल ने जोकोविच, नडाल और फेडरर के बराबर 20 ग्रैंडस्लैम जीते हैं ओर फेडरर घुटने की सर्जरी के कारण नहीं खेल रहे हैं, जबकि जोकोविच को कोरोना का टीका नहीं लगाने के बाद



ऑस्ट्रेलिया से बाहर कर दिया गया है। ऐसे में नडाल के पास जोकोविच और फेडरर से आगे निकलने का मौका है। नडाल की नजरें ओपन युग में चारों ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले जोकोविच के बाद दूसरे खिलाड़ी बनने पर लगी है। जोकोविच ने साल 2021 में फ्रेंच ओपन जीतने के बाद यह कमाल किया था। ऑस्ट्रेलिया के रॉय एमर्सन और रॉड लावेर हर ग्रैंडस्लैम दो या अधिक बार जीत चुके हैं। नडाल ने पिछली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन 2009 में जीता था।

# रोहित बनेंगे टेस्ट मैच के कप्तान, श्रीलंका दौरे से संभालेंगे कमान

**मुम्बई** । विराट कोहली के टेस्ट टीम की कप्तानी से इस्तीफे के बाद अब रोहित शर्मा को इस प्रारुप की भी कप्तानी मिलना तय माना जा रहा है। रोहित को पहले ही टी20 और एकदिवसीय के लिए कप्तान बनाया गया था। यह भी कहा जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बाद कप्तान के तौर पर रोहित के नाम की आधिकारिक घोषणा करेगा। इससे पहले टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम का मिली हार के बाद विराट ने कप्तानी छोड़ दी थी। एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, इसमें कोई भी संदेश नहीं है कि रोहित को ही भारत का नया



टेस्ट कप्तान बनाया जाएगा। रोहित को दक्षिण अफ्रीका दौरे से पहले टेस्ट टीम का उप-कप्तान बनाया गया था, तो उन्हें कप्तान बनाना तय है। यह घोषणा शीघ्र ही कर दी जाएगी। यह सही है कि रोहित पर बहुत ज्यादा काम का बोझ होगा इसलिए उनको स्वयं को बहुत ज्यादा फिट रखना होगा। मुझे लगता है कि चयनकर्ताओं ने उनसे बात की होगी। उन्हें अपनी फिटनेस पर अतिरिक्त मेहनत करनी होगी। श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज से रोहित टेस्ट कप्तान के तौर पर अपना काम शुरु करेंगे। इसके साथ ही बीसीसीआई युवा लोकेश राहुल और ऋषभ पंत को भविष्य के लिए तैयार करना चाहिता है हालांकि अभी यह तय नहीं हुआ है कि है किसे उप-कप्तान बनाया जाएगा। एक बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, जो उप-कप्तान होगा, वह टीम इंडिया का भविष्य का नेता होगा।

## बीसीसीआई ने कोहली को विदाई मैच खेलने का प्रस्ताव दिया था

**नई दिल्ली**। भारतीय टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान पद से अचानक ही इस्तीफा देकर विराट कोहली ने सभी को हैरान किया है जबकि विराट कप्तान के तौर पर अपने 100वें टेस्ट से एक मैच ही दूर थे। विराट के पास अगले माह श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीरीज में 100वां टेस्ट खेलने का अवसर था। एक रिपोर्ट के अनुसार जब विराट ने कप्तानी छोड़ने की बात भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को बतायी तब एक अधिकारी ने उनसे कप्तान के रूप में विदाई मैच बेंगलुरू में खेलने का प्रस्ताव दिया था पर विराट ने इंकार कर दिया। विराट ने कहा कि एक मैच से कोई फर्क नहीं पड़ता। कोहली ने अपनी कप्तानी का समापन हार के साथ किया। भारतीय टीम अगले महीने श्रीलंका की मेजबानी करेगी। श्रीलंकाई टीम भारत दौरे पर 2 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला टेस्ट बेंगलुरू में खेला जाएगा जो कोहली का 100वां टेस्ट मैच होगा।गौरतलब है कि इससे पहले महेंद्र सिंह धोनी ने भी साल 2014 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मेलबर्न टेस्ट ड्रॉ के बाद कप्तानी छोड़ने की घोषणा कर दी थी उस समय धोनी ने 90 टेस्ट मैच खेले। कोहली ने जब टेस्ट कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया तो उन्होंने खासतौर पर धोनी को भी धन्यवाद कहा, जिन्होंने उनमें बतौर कप्तान विश्वास जताया। विराट के लिए गत दो साल अच्छे नहीं गुजरे हैं जहां उनकी बल्लेबाजी पहले जैसी नहीं रही और वह एक शतक तक नहीं लगा पाये। वहीं वह भारतीय टीम को जीत दिलाने में भी सफल नहीं रहे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में भारतीय टीम को मिली हार के बाद उनपर दबाव बढ़ता जा रहा था और उनके पास कोई और विकल्प नहीं बचा था।

## आयरलैंड ने वेस्टइंडीज को तीसरे एक दिवसीय में हराकर 2-1 से सीरीज जीती

**किंगस्टन** । आयरलैंड ने तीसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को दो विकेट से हराकर 2-1 से सीरीज जीत ली है। आईसीसी के किसी पूर्णकालिक सदस्य के खिलाफ आयरलैंड की किसी एकदिवसीय सीरीज में यह दूसरी जीत है। इससे पहले उसने साल 2019 में अपनी धरती पर जिम्बाब्वे को हराया था। इस मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45 ओवर में 212 रन बनाये। शाई होप ने सबसे ज्यादा 53 रन बनाये जबकि जेसन होल्डर ने 44 रनों का योगदान दिया। वहीं आयरलैंड की ओर से एंडी मैकब्रायन ने सबसे ज्यादा चार जबकि क्रेग यंग ने तीन विकेट लिए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को आयरलैंड ने 45 ओवर में आठ विकेट पर 214 रन बनाकर हासिल कर लिया। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए आयरलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसेन पहली ही गेंद पर विलियम पोर्टरफील्ड का विकेट खो दिया। इसके बाद भी उसके बल्लेबाजों ने हिम्मत नहीं हारी और डटे रहे। टीम के कप्तानी संभाल रहे पॉल स्टर्लिंग ने 44 रन बनाए। वहीं इसके बाद एंडी मैकब्रायन ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाये। वहीं हैरी टेक्टर ने तेज से बल्लेबाजी करते हुए 76 गेंद में 52 रनों का योगदान दिया। दूसरी ओर वेस्टइंडीज के अकील हुसैन ने तीन गेंद में लगातार दो विकेट लेकर मैच का रुख पलटने का प्रयास किया पर यंग ने चौका लगाकर आयरलैंड को जीत दिला दी।

## शीतकालीन ओलंपिक खेलों से पहले चीन में ओमिक्रोन का मामला सामने आया

**हांगकांग** । चीन में अगले माह होने वाले शीतकालीन ओलंपिक खेलों से पहले संक्रमण के मामले बढ़ते जा रहे हैं। अब यहां कोरोना के नये संस्करण ओमिक्रोन का मामला सामने आया है। इस वायरस के संक्रमित व्यक्ति शहर के हेदियान के उत्तरी पश्चिमी जिले में मिला है। इस घटना से परेशान आयोजन समिति के एक अधिकारी ने कहा कि इस व्यक्ति को गुरूवार को लक्षण दिखायी दिये और शुक्रवार को कोविड-19 की जांच करायी गयी है राहत की बात यह है कि वह बीजिंग नहीं गया था। संक्रमण का यह मामला खेलों के शुरू होने से तीन हफ्ते से भी कम समय पहले आया है जिससे इन खेलों के सुरक्षित आयोजन पर सवाल उठने लगे हैं। इन खेलों का उद्घाटन चार फरवरी को होगा। चीन में अभी तक कई शहरों में ओमिक्रोन संक्रमण की खबरें आयी हैं हालांकि शीतकालीन ओलंपिक के कारण बीजिंग में सावधानी बरती जा रही है।

## व्यापार न्यूज

### पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर

**नई दिल्ली** । अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों के 75 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बावजूद घरेलू स्तर पर सोमवार को लगातार 74 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल की दरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच और



10 रुपए घटाने की घोषणा के बाद 04 नवंबर 2021 को ईंधन की कीमतों में तेजी से कमी आई थी। इसके बाद राज्य सरकार के मूल्य वर्धित कर (वैट) कम करने के फैसले के बाद दिल्ली में भी वैट को कम करने का निर्णय लिया गया। इसके बाद राजधानी में 02 दिसंबर 2021 को पेट्रोल लगभग आठ रुपये सस्ता हुआ था। डीजल की भी कीमतें हालांकि जस की तस बनी रहीं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सिंगापुर में सुबह लंदन ब्रेंट क्रूड 0.08 प्रतिशत की तेजी के साथ 86.13 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 0.31 प्रतिशत 84.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

### डॉलर के मुकाबले रुपया सीमित दायरे में

**मुंबई** । सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को रुपया शुरुआती कारोबार के दौरान अमेरिकी डॉलर के मुकाबले एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था, क्योंकि घरेलू शेयर में तेजी के सकारात्मक असर को कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी ने समाप्त कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 74.18 पर खुला और फिर पिछले बंद भाव से एक पैसे की गिरावट दर्ज करने के बाद 74.16 पर पहुंच गया। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 25 पैसे टूटकर 74.15 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक बिना किसी बदलाव के 95.16 पर था।

### मजबूती के साथ खुले शेयर बाजार

## सेंसेक्स 120 अंक चढ़ा, निफ्टी 18,300 के स्तर पर

**मुंबई** । एशियाई बाजारों से मिलेजुले संकेतों के बीच आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी और इंफोसिस में बढ़त के चलते प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में 120 अंक से अधिक चढ़ गया। इस दौरान 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक 122.58 अंक बढ़कर 61,345.61 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी 37.65



अंक की तेजी के साथ 18,293.40 पर पहुंच गया। सेंसेक्स में सबसे अधिक 1.62 प्रतिशत की तेजी मारुति में हुई। इसके अलावा एसबीआई, एमएंडएम, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक बढ़त दर्ज करने वाले प्रमुख शेयरों में शामिल थे। दूसरी ओर एचसीएल टेक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टेक महिंद्रा, टाइटन और विप्रो में गिरावट देखी गई। पिछले सत्र में सेंसेक्स 12.27 अंक की गिरावट के साथ 61,223.03 पर, जबकि एनएसई निफ्टी 2.05 अंक टूटकर 18,255.75 पर बंद हुआ था।

## चीन की अर्थव्यवस्था वर्ष 2021 में 8.1 प्रतिशत की दर से बढ़ी

**बीजिंग।** कोरोना वायरस महामारी की चुनौतियों के बीच चीन की अर्थव्यवस्था 2021 में 8.1 प्रतिशत बढ़कर लगभग 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर की गई। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो (एनबीएस) द्वारा सोमवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार चीन की अर्थव्यवस्था में पिछले साल की चौथी तिमाही में चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो तीसरी तिमाही के मुकाबले कम है। तीसरी तिमाही में वृद्धि दर 4.9 प्रतिशत थी। सरकार ने 2021 के लिए छह प्रतिशत वृद्धि दर का लक्ष्य रखा था, हालांकि इस दौरान चीन ने 8.1 प्रतिशत की दर से वृद्धि हासिल की। चीन की एक सरकारी संवाद एजेंसी ने कहा कि ये वृद्धि महामारी से पुनरुद्धार और एक जटिल विदेश व्यापार दशाओं के बीच हासिल की गई। एनबीएस ने सोमवार को कहा कि चीन की जीडीपी वार्षिक आधार पर 8.1 फीसदी बढ़कर 1,14,370 अरब युआन (लगभग 18,000 अरब अमेरिकी डॉलर) हो गई है। एनबीएस के आंकड़ों से पता चलता है कि वृद्धि दर छह प्रतिशत के सरकारी लक्ष्य से काफी अधिक है। चीन में इससे पिछले दो साल की औसत वृद्धि दर 5.1 प्रतिशत थी।

## भारत में लॉन्च होगी टोयोटा हिलक्स

**नई दिल्ली** । अगले हफ्ते टोयोटा मोटर्स पहली बार लाइफस्टाइल पिकअप टोयोटा हिलक्स उतारने वाली है। फिलहाल भारत में इसूजू के इसूजू डी-मेक्स और इसूजू वी-क्रास जैसे धांसू पिकअप ट्रक बिकते हैं और अब लोगों को टोयोटा के पावरफुल लाइफस्टाइल पिकअप ट्रक से रूबरू होने का मौका मिलेगा। आगामी 20 जनवरी को टोयोटा हिलक्स लॉन्च होने वाली है, जिसकी बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। चलिए, आज हम आपको टोयोटा हिलक्स लॉन्च से पहले इसके लुक, फीचर्स के साथ ही संभावित कीमत की जानकारी देते हैं। टोयोटा हिलक्स को कंप्लीटली बिल्ड यूनिट के तौर पर लाने की बजाय कंपनी इसे अपने बिदाड़ी स्थित मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट में असेंबल करेगी। टोयोटा इनोवा क्रिस्टा एमपीवी और टोयोटा फॉर्च्यूनर एसयूवी की तरह आईएमवी-2 प्लेटफॉर्म पर डिवेलप इस लाइफस्टाइल पिकअप ट्रक की लंबाई 5 मीटर से ज्यादा होगी। वहीं ऊंचाई के मामले में यह इनोवा और फॉर्च्यूनर से भी ऊंची होगी। टोयोटा की अपकमिंग पिकअप को भारत में टोयोटा हिलक्स और टोयोटा हिलक्स रियो जैसे 2 वेरिएंट्स में पेश किया जा सकता है और इनकी संभावित कीमत 25 लाख रुपये से 30 लाख रुपये के बीच हो सकती है। हालांकि, आगामी 20 जनवरी को ही कीमत का खुलासा होने के बाद सटीक जानकारी मिल जाएगी। टोयोटा हिलक्स के लुक और फीचर्स की बात करें तो इस लाइफस्टाइल पिकअप ट्रक में पावरफुल बंपर, चौड़े एयर-डैम, 18 इंच की अलॉय व्हील्ज और बड़ी ग्रिल्स जैसी एक्सटीरियर खूबियां तो दिखेंगी ही, साथ ही इंटीरियर में बहुत सी खास बातें दिखेंगी, जिनमें 8 इंच का टचस्क्रीन इन्फोटेनमेंट सिस्टम, जेबीएल ऑडियो सिस्टम, कीलेस एंट्री, रियर पार्किंग कैमरा, क्रूज कंट्रोल, पावर अडजस्टेबल ड्राइवर सीट और वायरलेस फोन चार्जर समेत कई खास स्टैंडर्ड और सेफ्टी फीचर्स होंगे।

टोयोटा हिलक्स की ऑथराइज्ड टोयोटा डीलरशिप पर बुकिंग शुरू हो चुकी है और ग्राहक इसे 50,000 रुपये से लेकर 2 लाख तक के टोकन अमाउंट पर यह धांसू पिकअप बुक करा सकते हैं। टोयोटा हिलक्स के इंजन और पावर की बात करें तो इसमें 2.4 लीटर और 2.8 लीटर की डीजल इंजन देखने को मिलेगा, जो कि 201 बीएचपी तक की पावर और 500एनएम टॉर्क जेनरेट करने में सक्षम है। इस पिकअप ट्रक को 6 स्पीड मैनुअल और 6 स्पीड टॉर्क कन्वर्टर ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ पेश किया जाएगा।







## अगले 7 दिनों में बेहतरीन 7 कारें होंगी लॉन्च

**नई दिल्ली** । भारत में अगले 7 दिनों में ही सात कारें लांच होने वाली हैं। नई कार खरीदने की इच्छा रखने वालों के लिए यह बिल्कुल सही वक्त है। आइए नजर डालते हैं उन कारों पर जो अगले 7 दिनों में भारत में लॉन्च होने वाली हैं। टाटा सफारी डार्क एडिशन इस कार के लिए आपको ज्यादा इंतजार नहीं करना है। इस कार से कंपनी कल ही पर्दा उठा देगी।

कल यानी 17 जनवरी को सफारी का नया अवतार भारत के ऑटोमोबाइल बाजार में एंट्री करेगा। इसके अलावा टाटा टिआगो सीएनजी कार इस कार की बीते काफी समय से चर्चा चल रही है और ग्राहकों को भी इस पॉप्युलर कार के सीएनजी वर्जन का बेसब्री से इंतजार है। 19 जनवरी को यह कार भारत में लॉन्च कर दी जाएगी। यह कंपनी की सबसे सस्ती सीएनजी कार होगी। टाटा टिगोर सीएनजी कार को टाटा टिआगो के साथ ही लॉन्च किया जाएगा। कार के कुछ सिलेक्ट्रेड ट्रिम्स में ही सीएनजी किट का इस्तेमाल किया जाएगा। कार के सीएनजी वर्जन में ऑटोमेटिक ट्रांसमिशन नहीं मिलेगा। इन तीनों कारों के अलावा भारत में 20 जनवरी को टोयोटा हीलक्स भी लॉन्च होगी। इसके बाद मारुति सुजुकी सिलैरियो का सीएनजी वर्जन भी लॉन्च होगा। अगले कुछ दिनों में बीएमडब्ल्यू एक्स3 फेसलिफट भी लॉन्च होगी। इसके बाद आउडी क्यू7 फेसलिफ्ट (ऑडी क्यू7 फेसलिफट ) भी भारतीय बाजार में लॉन्च होगी। बता दें कि 2022 की अभी शुरुआत ही हुई है और भारतीय ऑटोमोबाइल बाजार काफी एक्साइटमेंट से लैस है। यह दुनिया के सबसे बड़े बाजारों में से एक है।

# मानव जीवन में मानव अनुरूप कार्य करना आवश्यकः डॉ गुप्ता

### -बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ने के लिए गायत्री यज्ञ कर दीं वैदिक संस्कृति की जानकारी

**जौरा।** हमें जो मानव का जीवन प्राप्त हुआ है उसकी सार्थकता तभी है, जब हम मानव उचित कार्य करें। यदि हम मानव होकर मानव अनुरूप कार्य नहीं करते हैं तो हमारा जीवन व्यर्थ चला जाएगा। यह बात डॉ रामजी लाल गुप्ता ने अपने उद्बोधन में एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों, अभिभावकों एवं गायत्री परिजनों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बच्चों व अभिभावकों को वैदिक संस्कृति अनुरूप जीवन जीने का आव्हान किया।

एच एल हायर सेकेंडरी स्कूल जौरा में बच्चों को सनातन संस्कृति से जोड़ने एवं वैदिक कालीन संस्कृति की जानकारी देने, कोरोना महामारी से संसार की सुरक्षा एवं विश्व शांति हेतु गायत्री हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें पंडित आरसी त्यागी एवं पंडित जितेंद्र त्यागी ने वैदिक संस्कृति एवं गायत्री परिवार की परंपराओं के अनुरूप यज्ञ कर भगवान में आहुतियां समर्पित कराएं। इस अवसर पर एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल के बच्चे एवं अभिभावक गायत्री परिवार के परिजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पंडित आर सी त्यागी ने बच्चों को वैदिक संस्कृति से किस प्रकार जोड़ा जाए एवं हमारे मानव जीवन में वैदिक संस्कृति का महत्व, वैदिक संस्कृति को आगे बढ़ाने, जीवन को सुख-समृद्धि और शांति युक्त बनाने में गायत्री उपासना की व भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं पंडित जितेंद्र त्यागी ने बच्चों से गायत्री दीक्षा लेकर गायत्री माता की साधना करने का आवाहन किया।

### डॉ गुप्ता का किया सम्मान

एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के बच्चों और विद्यालय के संस्थापक शिक्षाविद एलएन त्यागी ने संपूर्ण स्टाफ के साथ मिलकर गायत्री परिवार के मुख्य अतिथि डॉ रामजी लाल गुप्ता का अभिनंदन किया। एचएल हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित होने वाले गायत्री परिवार के कार्यक्रमों एवं सनातन संस्कृति के अनुष्ठानों मे मार्गदर्शक करने में डॉ रामजी लाल गुप्ता की भूमिका एवं बच्चों के उज्जवल भविष्य एवं संस्कारवान बनाने में उनके कृतित्व



के लिए आभार व्यक्त करते हुए वरिष्ठ जन सम्मान प्रकल्प के तहत उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर त्यागी दंपत्ति ने उनका पैर पूजन किया, माल्यार्पण और शॉल व श्रीफल से उनका स्वागत कर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वाद देने की कामना की।

## श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर सिंहोनियां में हुआ विधान का आयोजन



**अम्बाह।** श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर सिंहोनियां में शांति एवं जन कल्याण के लिए श्री शांतिनाथ महामंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन हुआ। प्रातःकाल ध्वज वंदन के साथ कलश, सिंहासन, शुद्धि, मंडप शुद्धि आदि कार्यक्रमों के बाद वेदी में मौजूद जिन प्रतिमाओं की शांति धारा की गई। इसके उपरांत मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान भगवान जिनेन्द्र देव का भावपूर्वक अभिषेक व शांतिधारा हुई। सिद्ध परमात्मा के गुणों का स्मरण करते हुए श्रीफल सहित अर्ध्य भी चढाया गया। इस दौरान मन्त्रोच्चारण एवं सु-मधुर स्वरों के बीच पूजा-आराधना के कार्यक्रम में शामिल सभी लोग भक्तिपूर्ण माहौल में सराबोर थे। सभी भक्तों ने बहुत ही भक्ति से नाचते-झूमते भगवान शान्तिनाथ की महा-आराधना की। विधान की महत्वता पर प्रकाश डालते हुए पंडित मुकेश जैन ने कहा कि यह विधान स्वंय के कल्याण के लिए है। इस विधान को करने से अशुभ कर्मो का नाश होता है और यह सभी के लिए के शुभ फलदायी होता है। इस महामण्डल विधान की आराधना का लक्ष्य यही है कि हम अपने अशुभ कर्मो का नाशकर सिद्ध प्रभु के बताये हुए मार्गो पर चलकर अपने जीवन का कल्याण करें। संपूर्ण कार्यक्रम पंडित मुकेश जैन के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गोपीचंद जैन, महेंद्र उर्फ पप्पू जैन, गोल्डी जैन, श्रीमती मधु जैन, महेश चंद्र जैन, राकेश जैन, सोनू जैन, डेंसन जैन, श्रीमती गीता जैन, पूनम जैन, गुड्डी जैन, प्रियंका जैन सहित अनेक लोग मौजूद थे।

## शक्कर फैक्ट्री की नीलामी नहीं रुकी तो होगा उग्र आंदोलनः पंकज उपाध्याय

**कैलारस।** जौरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी पंकज उपाध्याय ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं क्षेत्रीय सांसद भारत सरकार के कृषि मंत्री नरेंद्र तोमर को पत्र लिखकर आगाह किया कि यदि कैलारस स्थित शक्कर व्यक्ति की बिक्री होती है तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी। श्री उपाध्याय ने बताया कि मुरैना मंडल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित कैलारस जिला मुरैना की स्थापना वर्ष 1970 में होकर 1972 में चीनी का उत्पादन प्रारंभ हुआ। चीनी उत्पादन से कैलारस ही नहीं अपितु आसपास के सैकडों किलोमीटर के गांव एवं नगरों का विकास हुआ। जौरा, कैलारस, सबलगढ, विजयपुर, पोहरी, मोहना तक के किसान अपने गन्ने का उत्पादन कैलारस शक्कर फैक्ट्री में वर्ष 2010 तक लाते रहे, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में आर्थिक संपन्नता बढ़ी। वर्ष 2013, 2018 एवं उपचुनाव 2020 में भी कैलारस शक्कर कारखाना मुख्य चुनावी मुद्दा रहा। जैसा कि सर्वविदित है आपके द्वारा एवं पूर्व सांसद अनूप मिश्रा एवं वर्तमान सांसद नरेंद्र तोमर भाजपा नेता ज्योतिराज सिंधिया आपकी पार्टी के कई नेताओं एवं विधायक द्वारा मंच से कैलारस शक्कर फैक्ट्री को चालू करने का जनता को आश्वासन दिया और हर बार कहते रहे कि इस बार शक्कर कारखाना चालू हो जाएगा। वर्ष 2020 में कमलनाथ की सरकार ने कैलारस शक्कर खाना



चालू कराने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अभिरुचि की अभिव्यक्ति के आमंत्रण ईआईओ मंगाए परंतु मार्च 2020 में ही आपके द्वारा सरकार गिरा कर भाजपा की सरकार बना ली गई और कमलनाथ सरकार द्वारा जारी यूआई को निरस्त कर दिया गया। विगत कई दिनों से सूचना मिल रही है कि आपकी सरकार द्वारा शक्कर फैक्ट्री को नीलाम किया जा रहा है। जब कि आप भी अपने आपको किसान पुत्र बताते हैं आप भली-भांति समझ सकते हैं कि शक्कर खाना कारखाना बंद करने से हजारों किसानों के भविष्य पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो जाएगा। आज संपूर्ण जिले का किसान कैलारस शक्कर फैक्ट्री के चालू होने की उम्मीद में बैठा हुआ है। यह नीलामी आपके द्वारा जौरा, कैलारस की जनता ही नहीं वरन् संपूर्ण चंबल अंचल की जनता को धोखा देना है। श्री उपाध्याय ने पत्र के माध्यम से अनुरोध किया है कि आप नीलामी की प्रक्रिया को बंद कर शक्कर कारखाने को पुनः प्रारंभ कराने हेतु कार्रवाई करें, अन्यथा संपूर्ण कांग्रेस पार्टी किसानों के साथ एकजुट होकर उग्र आंदोलन करेगी, जिसकी समस्त जवाबदारी आपकी एवं आपकी सरकार की रहेगी।

## छेड़छाड़ करने वाले आरोपीगण को 03-03 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड



**मुरैना।** पीडिता के साथ छेडछाड करने के मामले में स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) मुरैना के न्यायालय ने आरोपी शहजाद खान पुत्र नूरवेग खान उम्र 18 वर्ष निवासी जिला मुरैना को 7/8 पोक्सो अधिनियम व 341 भादवि में दोषी पाते हुये 03 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 2500 रूपये अर्थदण्ड व आरोपी शाहरूख वेग पुत्र अमानत खान उम्र 19 वर्ष निवासी जिला मुरैना को 354/34 व 341 भादवि में दोषी पाते हुये 03 वर्ष का सश्रम कारावास व कुल 2500 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण में पैरवी विशेष लोक अभियोजक/अति0 जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा उमरैया ने की। सहायक मीडिया सेल प्रभारी (अभियोजन) श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने घटना के बारे में बताया कि पीडिता ने थाने पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 16 जुलाई 2019 को दिन के समय लगभग 11:30 बजे खाने का सामान लेने के लिये किसी दुकान पर गई थी, सामान लेकर दुकान से वापस घर जा रही थी कि रास्ते में वहां पर तीन लडके आये और उन्होंने पीडिता का रास्ता रोक लिया। उक्त तीनों लडको में से एक लडके ने पीडिता के साथ बुरी नीयत से छेडछाड की तो पीडिता के द्वारा थप्पड मारने पर उसके द्वारा यह बोला गया कि उसका नाम शहजाद है वह उसे जानती नहीं है। उपस्थित अन्य दोनो लडकों में से एक लडका नाबालिग है व दूसरे लडके ने अपना नाम शाहरूख बताते हुये बोला कि वे यहीं रहते हैं, उनसे सब लोग डरते हैं।

## महेश वरिष्ठ संभागीय उपाध्यक्ष, अशोक ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रदीप युवा ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत

### ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन अम्बाह ब्लॉक की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**अम्बाह।** ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन अम्बाह ब्लॉक की कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किशोरी लाल की धर्मशाला में किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर हरिदास जी महाराज जरेरुआ सरकार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण अंतरराष्ट्रीय संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष डीडी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि संभागीय अध्यक्ष हरीश पाठक, जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा मौजूद थे। इस मौके पर वरिष्ठ विप्र जनों द्वारा सर्वप्रथम



भगवान परशुराम के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया। इसी क्रम में संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश चंद शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अशोक शर्मा, युवा ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला द्वारा महामंडलेश्वर का माल्यार्पण व शॉल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक कार्यकारिणी के अध्यक्ष अशोक शर्मा ने अपनी कार्यकारिणी सदस्यों के साथ शपथ ली। संभागीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष महेश समाधिया, संभागीय उपाध्यक्ष श्रीनिवास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम सेवक शर्मा एवं युवा संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला को संभागीय अध्यक्ष हरीश पाठक ने शपथ दिलाई। उपरोक्त जानकारी देते हुए प्रदीप शुक्ला ने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश कार्यकारिणी का भी विस्तार किया गया, जिसमें रामनरेश शर्मा को प्रदेश कोषाध्यक्ष व संतू राजोरिया को संगठन का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शंकर लाल तिवारी, दीपक शर्मा, हरिचरण शर्मा, नारायण हरि शुक्ला, राकेश दंडोतिया, महेश पाराशर, डॉ सुरेश शर्मा, मदन मोहन कटारे आदि का महेश चंद्र शर्मा द्वारा शॉल श्रीफल देकर स्वागत सम्मान किया गया।

## आपकी सरकार-आपके पास के तहत किया आमजन की समस्याओं का निराकरण



**झुण्डपुरा।** प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम के अन्तर्गत आपकी सरकार-आपके पास के अन्तर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी अशोक बंसल ने बताया कि जिलाधीश बी.कातिकेयन के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद के सभी वार्डो में आपकी सरकार-आपके पास के अन्तर्गत विशेष केम्प आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। सी.एम.ओ.अशोक बंसल ने बताया कि अगर व्यक्ति पात्र है और उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे लाभ दिया जायेगा। लोग अपनी समस्या लेकर केम्प में आयेंगे। उनकी समस्या का निराकरण मौके पर ही किया जायेगा। इसी क्रम में गत दिवस वार्ड 12 में केम्प का आयोजन किया गया, जिसमें पेंशन, सफाई, लाइट, आवास, पेयजलापूर्ति से संबंधित आवेदन आये।

## चिकित्सक टाइम पर आए और ओपीडी में बैठेः सीएमएचओ

### गंदगी फैलाने पर लगेगा जुर्माना, बिना मास्क कैंटीन पर नहीं मिलेगा सामान

**मुरैना।** हाल ही में पदस्थ नवनियुक्त सीएमएचओ डॉ राकेश शर्मा द्वारा अपनी पदस्थापना के पश्चात जिला अस्पताल में व्याप्त समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और डॉक्टरों के बैठने की टाइमिंग पर भी मॉनिटरिंग चल रही है। उन्होंने सभी चिकित्सकों को कहा है कि अपना हॉस्पिटल है, इसलिए समय पर ड्यूटी पर आएं और तय समय तक अपने कक्ष में बैठकर मरीजों को देखें, वहीं उन्होंने साफ सफाई रखने पर भी बल दिया। डॉ शर्मा ने सभी चिकित्सकों को कहा है कि युवा समय



पर ड्यूटी पर आएं और तय समय तक वह ओपीडी में बैठकर मरीजों को देखें तथा मरीजों को कोरोना के प्रति सचेत करें एवं मास्क लगाकर आने पर ही उन्हें एंट्री दी जाए। इसके अलावा मरीजों को साफ-सुथरी राइटिंग में पर्चा लिखे तथा अनावश्यक जांच अथवा मेडिसन ना लिखने की हिदायत दी। डॉ शर्मा ने चिकित्सकों एवं स्टाफ को साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा है तथा पीक थूकने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ शर्मा ने कहा कि कोरोना के मरीज फिर से बढ़ रहे हैं, इसलिए सावधानी बरतें तथा लोगों को समझाईश दे की जिला अस्पताल में अनावश्यक भीड़ भाड़ ना करें। उन्होंने प्रांगण में स्थित कैंटीन का भी निरीक्षण किया तथा कैंटीन संचालक को सख्त हिदायत दी कि वह ग्राहकों से कचरा डस्टबिन में डालने को कहे तथा बिना मास्क के किसी भी व्यक्ति को सामान ना दे, गंदगी फैलने पर कैंटीन संचालक पर जुर्माना किया जाएगा।

## मढैया वाले हनुमान मंदिर पर रामलीला में धनुष यज्ञ लीला का किया मंचन

**अम्बाह।** आर्दश रामलीला कला मंडल के तत्वाधान में रविवार को रछेड गांव के श्री मढैया वाले हनुमान मंदिर पर रामलीला के मंचन के दौरान धनुष यज्ञ एवं राम विवाह की लीला का मंचन किया गया। जिसमें रावण, बाणासुर संवाद व राम के द्वारा धनुष भंजन हुआ। मंचन के दौरान राम-सीता के विवाह को विशेष रूप से दिखाया गया। रामलीला के तहत धनुष यज्ञ की लीला का आकर्षक मंचन किया गया। जिसमें सीता स्वयंवर की प्रभावी प्रस्तुति रही। महाराजा जनक के पास भगवान शिव का दिव्य धनुष था। वह मंच में बने महल की आकृति में एक जगह स्थापित किया गया था। उसे कोई नहीं हिला सकता था। एक दिन अपने घर में जमीन पर गोबर का लेप लगाने के दौरान



जनक नंदिनी सीता ने धनुष को उस स्थान से हटाकर दूसरे स्थान पर रख दिया और वह अपना कार्य करने लगीं। सीता के इस कार्य को देखकर महाराजा जनक को बहुत ही आश्चर्य हुआ। तब उन्होंने सोचा कि इस पुत्री में कोई अलौकिक शक्ति है। राजा जनक ने निश्चय किया कि सीता का विवाह ऐसे पराक्रमी से किया जाएगा, जो भगवान शिव के पिनाक नामक धनुष को भंग करेगा। तभी जनकपुर में सीता के स्वयंवर का आयोजन किया। इसकी घोषणा सुनकर दूरदराज से पराक्रमी राजा धनुष यज्ञ में शामिल हुए। विश्वामित्र के साथ राम लक्ष्मण भी स्वयंवर में पहुंचे। रंगमंच स्थल पर अनेक देश के राजाओं ने आकर स्वयंवर में धनुष उठाने का प्रयास किया, लेकिन कोई धनुष को हिला तक नहीं सका। राजा रावण भी धनुष यज्ञ में शामिल हुए। वह सीता को स्वयंवर में प्राप्त नहीं कर सके। तब उसने कहा कि हे सीते एक दिन तुम्हे लंका जरूर ले जाउंगा। जब कोइ धनुष नहीं उठा सका, तब राजा जनक चिंतित हुए और बोले अब जनि कोऊ माखै भटमानी, वीर विहीन मै जानी। तभी लक्ष्मण क्रोधित होते हुए बोले कहि जनक जसि अनुचित बानी, विद्यमान रघुकुल मुनि जानी। तब गुरु राम की तरफ देखकर कहते हैं उठहुं राम भंजहु भवचापा, मेटहुं तात जनक परितापा। गुरु की आज्ञा पाकर भगवान राम ने धनुष को भंग कर दिया। धनुष टूटने के बाद सीता प्रभु श्रीराम के गले में वरमाला डालती हैं। इस लीला ने ग्रामीण जनों को भाव विभोर कर दिया। रावण का अभिनय पूर्व जिला पंचायत सदस्य दिवाकर सिंह तोमर, बाणासुर सूबेदार सिंह, जनक का अभिनय उमेश सिंह, राम का दिग्गी एवं लखन का छोटू, सीता का गोलू एवं व्यास का अभिनय बंटी रोरियापुर ने किया।

## चूक या लापरवाही

निस्संदेह, यह गंभीर चिंता की बात ही कही जायेगी कि कार्यपालिका के शीर्ष व्यक्ति का काफिला बीस मिनट तक एक ओवरब्रिज पर बंधक जैसी स्थिति में खड़ा रहे। इसे सिर्फ चूक नहीं बल्कि गंभीर लापरवाही ही कहा जायेगा कि लगातार भारत विरोधी गतिविधियों में दशकों से लिप्त रहने वाले देश की सीमा से कुछ किलोमीटर दूरी पर प्रधानमंत्री का काफिला असहाय जैसी स्थिति में नजर आये। साथ ही वे पूर्व निर्धारित रैली में भाग लिये बिना वापस लौट जायें। निस्संदेह, बुधवार को बठिंडा से राष्ट्रीय शहीद स्मारक के लिये निकले प्रधानमंत्री के काफिले के रूट की जानकारी पंजाब सरकार व पुलिस को रही होगी। बताया जाता है कि बारिश व कम दृश्यता के चलते प्रधानमंत्री ने सड़क मार्ग से जाने का फैसला लिया था। सवाल यह कि जब विरोध करने वाले किसान इतने कम समय में विरोध के लिये जुट सकते हैं तो पुलिस इस बाबत जानकारी क्यों नहीं जुटा पायी। फिर जानकारी प्रधानमंत्री के काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को क्यों नहीं दी गई। राजनीतिक विरोध अपनी जगह होता है लेकिन देश के शीर्ष नेतृत्व की सुरक्षा से कदापि समझौता नहीं किया जा सकता। खासकर पंजाब जैसे राज्य में जहां विगत में अशांति का लंबा दौर चला हो, वहां देश के विशिष्ट लोगों की सुरक्षा में कतई कोताही नहीं बरती जा सकती। एक साल चले किसान आंदोलन में किसानों ने संयम व शांतिपूर्ण व्यवहार का ही प्रदर्शन किया। कमोबेश उनकी सभी मांगें मान भी ली गई, फिर इस तरह से प्रधानमंत्री का रास्ता रोकना गरिमामय व तार्किक नहीं लगता। मामले में गृह मंत्रालय ने भी रिपोर्ट मांगी है और जवाबदेही तय करने की बात कही है। जैसा कि तय था, इस मुद्दे पर राजनीति होनी ही थी। जहां इस मुद्दे पर भाजपा आक्रामक नजर आ रही है और राज्य की कांग्रेस सरकार को कठघरे में खड़ा कर रही है वहीं कांग्रेस फिरोजपुर रैली में भीड़ न जुटने की बात कहकर प्रधानमंत्री के वापस लौटने की बात कर रही है। एक ओर जहां पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह पंजाब की कांग्रेस सरकार को चूक का दोषी बताते हुए राज्य में राष्ट्रपति शासन की मांग कर रहे हैं, वहीं कुछ कांग्रेसी नेता भी घटना को गलत मान रहे हैं। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुनील जाखड़ ने बुधवार की घटना को पंजाबियत के खिलाफ बताया। कहा कि यदि प्रधानमंत्री राजनीतिक रैली को संबोधित करने वाले थे तो सुरक्षित रास्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए था। यही लोकतांत्रिक परंपरा की दरकार भी है। निस्संदेह इस चूक के कारणों की पड़ताल होनी चाहिए। विगत में हमने ऐसी चूक के चलते एक प्रधानमंत्री व एक पूर्व प्रधानमंत्री को खोया है। ऐसे में एक राज्य जहां पड़ोसी देश की विध्वंसक गतिविधियां लगातार चलती रहती हैं, वहां हमें विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा को लेकर कोई समझौता नहीं करना चाहिए। निस्संदेह, घटनाक्रम का सच सामने आना ही चाहिए। उधर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की और पंजाब दौरे के दौरान सुरक्षा चूक के बाबत जानकारी दी। राष्ट्रपति ने भी गंभीर चूक पर चिंता जतायी। साथ ही उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करके मामले में फिक्र का जिक्र किया। इससे पहले प्रधानमंत्री भी कह चुके हैं कि कैसे पंजाब पुलिस व खुफिया विभाग को उस रास्ते की स्थिति की जानकारी नहीं थी, जिससे काफिला गुजरना था। अगर किसान धरना दे रहे थे तो उन्हें हटाया क्यों नहीं गया। साथ ही काफिले के सुरक्षा अधिकारियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं दी गई। सवाल यह भी कि काफिले का मार्ग बदलने की सूचना तत्काल आंदोलनकारियों को कैसे मिली।

# परमात्म अनुभूति कराते थे ब्रह्मा बाबा!

**श्रीगोपालनारसन**

ब्रहमाबाबा जिनका वास्तविक नाम दादा लेखराज था,ने देश ही नही दुनिया को ईश्वरीय अनुभूति का बोध कराया। विकारो से घिरी इस दुनिया को सत्कर्मो के द्वारा संवारने की शुरूआत ब्रह्माबाबा ने सबसे पहले अपनी जन्मभूमि हैदराबाद सिंध जो अब पाकिस्तान में है, से सन 1936 में की थी। परमात्म मिशन चलाने के लिए उन्होंने ओम मण्डली नाम से एक ट्रस्ट बनाकर अपनी समस्त सम्पत्ति जो उस समय भी लाखों रुपयों की थी,उस ट्रस्ट में निहित कर दी थी। इस ट्रस्ट में वे भी कभी ट्रस्टी नही रहे,केवल

नारी शक्ति के नेतृत्व को ही उनके द्वारा स्वीकारा गया।यानि नारी शक्ति को इस आध्यात्मिक मिशन का नेतृत्व सौंप कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि आधी आबादी भी देश और समाज का ही नही अध्यात्म का भी नेतृत्व कर सकती है।इसी सोच के चलते यह संस्था आज दुनिया के 140 देशों तक नैतिक व आध्यात्मिक मूल्यों की प्रचार प्रसार करने में सफ़ल रही है। 5 मई सन 1950 को पाकिस्तान से भारत के आबू पर्वत पर स्थानान्तरित हुई यह संस्था अब प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के रूप में भारत भूमि से संसार भर को शान्ति का पैगाम देने का काम कर रही है।यह संस्था एक जीवन्त सामाजिक एवं नैतिक मूल्यों की प्रयोगशाला कही जा सकती है। जिसके माध्यम सें विश्व के नवनिर्माण व चरित्र निर्माण का कार्य बड़ी तेजी के साथ हो रहा है।आज भी मधुरता व वैराग्य के इस अनूठे संगम स्थल पर आकर देश विदेश के आध्यात्मिक जिज्ञासु सहज ही आकर्षित हो जाते है।ब्रहमाकुमारीज संस्था की सोच है कि महान आत्मा बनने के

लिए आत्मिक शक्तियों को पहचानने की आवश्यकता है, चूंकि जितना आत्मिक स्थिती का अभ्यास होगा उतनी ही बुद्धिस्थिर और शुद्ध होगी। आत्मिक व आणविक शक्तियों के समन्वय से एक सुखमय व शान्तिमय दुनिया की स्थापना ही ईश्वरीय विश्वविद्यालय का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। तभी तो आत्मा की शक्ति को पहचानने और उसके

आत्म शान्त स्वरूप को समझने की सीख यहां बार-बार दी जाती है।यहां आध्यात्मिक व्याख्यान में बताया जाता है कि अब्राहम,

पैगम्बर, क्राइस्ट, बुद्ध, महावीर स्वामी और शंकराचार्य

धर्मात्माएं तो है किन्तु परमात्मा नहीं। क्योंकि परमात्मा वही

है जो अजन्मा हो, निराकार हो, ज्योति स्वरूप हो। मुस्लिम धर्म

में भी अल्लाह को नूर कहा गया है। तभी तो अल्लाह को नूर

ए इलाही भी कहते है। जो हिन्दूओं के लिए दिव्य ज्योतिबिंदु है। इसी तरह क्राइस्टो के लिए लाईट ऑफ गॉड है। जो एक प्रकाश पुंज की तरह है। हजरत मूसा ने भी परमात्मा को ज्योति स्वरूप स्वीकारा है। तो गुरूनानक ने भी परमात्मा को एक ओंकार निराकार माना है। यानि धर्म कोई भी हो सबका मानना यही हैं कि ईश्वर, अल्लाह, गौड, वाहे गुरू सतनाम, रूप ज्योति बिन्दु है जो गुणों का सिन्धु है जो सत्यम शिवम सुन्दरम् है और जो पतित से हमें पावन बनाता है उसी परमात्मा से आत्मबोध कराने के लिए राजयोग का श्रेष्ठ मार्ग बताया गया है। 'परमात्मा' शब्द की व्याख्या करते हुए बताया गया कि जो सर्वमान्य हो, जन्म मरण से परे हो, जिनके माता- पिता-गुरू न हो, जो स्थिति, गुण, कर्तव्य में सदा परम हो और सर्वज्ञाता व सर्वदाता हो। दादा लेखराज यानि प्रजापिता ब्रह्मा बाबा शिव परमात्मा के साकार माध्यम ब्रह्मा द्वारा उच्चारे हुए महावाक्यों के आधार पर जिनका आलौकिक और आध्यात्मिक पुनर्जन्म हुआ वे ही ब्रह्मा कुमारी और ब्रह्माकुमार कहलाये गए और उनके द्वारा स्थापित आध्यात्म आधारित

**शैक्षणिक संस्था को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय**

नाम दिया गया।सन 1936 में शुरू हुई इस संस्था ने 1937 में आध्यात्मिक ज्ञान, मूल्य आधारित शिक्षा व सहज राजयोग की शिक्षा देने की दुनियाभर में शुरूआत की थी। इस संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका ब्रह्माकुमारी जगदम्बा सरस्वती थी। उनके बाद दादी प्रकाशमणि मुख्य प्रशासिका रही और फिर दादी जानकी के 104वर्षीय कन्धों पर इस विशाल संस्था की मुख्य प्रशासिका की



जिम्मेदारी का भार तब तक टिका

रहा जब तक कि उन्होंने शरीर नही छोड़ दिया।वर्तमान में दादी रतनमोहिनी इस संस्था की मुख्य प्रशासिका है।ब्रह्माबाबा के समय ब्रह्माकुमारी और ब्रह्माकुमार की संख्या सैकड़ों में हुआ करती थी परन्तु आज यह संख्या लाखों में पहुंच गई है। दुनिया के 140देशों में अपनी साढ़े आठ हजार से भी अधिक शाखाओं में करीब 15 लाख विद्यार्थी प्रतिदिन आध्यात्मिक व

नैतिक मूल्यों की शिक्षा ग्रहण करते हुए राजयोग का अभ्यास करते है।इस संस्था व यहां के राजयोगियो की स्वीकार्यता है कि परमात्मा एक है और वह निराकार एवं अनादि है। जो विश्व की सर्वशक्तिमान सत्ता है और ज्ञान का सागर है। परमात्मा विश्व की सर्व आत्माओं का निराकार माता-पिता है। परमात्मा के साथ सम्बन्ध की स्मृति और परमात्मा के प्रति प्रेम को राजयोग कहा जाता है। संस्था का सन्देश है कि राजयोग का अभ्यास साधक को आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति प्रदान कर संस्कारवान बनाता है तथा उसका चारित्रारिक उत्थान होता है जिससे साधक को

आध्यात्मिक परिवर्तन की शक्ति व सकारात्मक ऊर्जा मिलती है । जिससे साधक को आध्यात्मिक व

शारीरिक लाभ मिलता है जैसे मानसिक तनाव से मुक्ति-नकारात्मक संकल्पों की समाप्ति और शिव बाबा में समर्पण की शक्ति प्राप्त

होती है।यह संस्था साधक को सहनशीलता, धैर्य, नम्रता, मधुरता व संतुष्टि का पाठ पढ़ाती है और पुरूषार्थ की शिक्षा देती है। ईश्वरीय विश्वविद्यालय की इस शिक्षा को वैश्विक स्वीकृति तो मिलने के साथ ही संस्था की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता भी प्राप्त हुई। तभी तो प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय को संयुक्त राष्ट्र संघ ने एनजीओ के रूप में मान्यता देते हुए यूनीसेफ एवं आर्थिक व सामाजिक परिषद का परामर्शदाता सदस्य बनाया हुआ है। साथ ही संस्था को अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति पदक पुरस्कार समेत विभिन्न देशों के पांच राष्ट्रीय स्तर के शांति दूत पुरस्कार प्राप्त हो चुके है। जो इस बात का प्रमाण है कि संस्था का ''ओउम शान्ति'' मन्त्र दुनिया भर को शान्ति का संदेश देने में सफल सिद्ध हो रहा है।बेहतर विश्व के लिए संस्था ने अकादमी नाम से उच्च शिक्षा प्राप्ति का आधुनिक संस्थान भी विकसित किया है। मूल्य-निष्ट शिक्षा के लिए यहां 20 प्रभाग बनाये गए है। जिनमें शिक्षा, समाजसेवा, व्यवसाय एवं

उद्योग, कला एवं संस्कृति, खेल, ग्राम्य विकास, जनसंचार माध्यम, कानून, चिकित्सा, यातायात, सुरक्षा, धार्मिक, वैज्ञानिक एवं अभियन्ता, महिला, राजनीतिज्ञ, युवा विकास व प्रशासक सेवा प्रभाग शामिल है।जीवनकला, वैश्विक दृष्टिकोण, समकालीन नैतिक और सांस्कृतिक अभि संरचना के प्रगतिशील तत्वों पर आधारित अकादमी के पाठ्यक्रम बनाये गए है। जिसके माध्यम से समाज में हो रही गिरावट को रोकने की कौशिश की जा रही है। अकादमी का लक्ष्य है कि इन पाठ्यक्रमों के माध्यम से एक सत्य एवं श्रेष्ठ समाज का निर्माण हो सके और मनुष्य में भौतिक, आध्यात्मिक एवं भावात्मक पक्षों का सुन्दर समन्वय हो। इस अकादमी में सकारात्मक चिन्तन, तनावमुक्ति, आत्म उत्थान, आध्यात्मिकता का अनुप्रयोग, स्वप्रबन्धन व नेतृत्व प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 3 से 30 दिन तक की समय सीमा में पूरे कराये जाते है। शिव शक्यिों के केन्द्र माउण्ट आबू को शिव बाबा का घर भी कहा जाता है। बडी संख्या में दुनियाभर से लोग यहां आकर अध्यात्मिक शान्ति की अनुभूति करते है और जो एक बार यहां आता है,वह बार बार आने की कोशिश करता है या फिर यही का होकर रह जाता है।(लेखक ब्रह्माकुमारीज के राजयोग प्रशिक्षु है)

## द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर।

## पाक की फितरत

**-सिद्धार्थ शंकर**

सीमा पार से आतंकवाद फैलाने की सारी कोशिशें नाकाम होने के बाद अब पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई भारत विरोधी साजिश में नए रास्तों के जरिए आतंकियों की घुसपैठ कराने की कवायद में जुटी है। भारत में आतंक फैलाने के लिए पाक अब धर्म का रास्ता अख्तियार करने में जुटा है। करतारपुर कॉरिडोर से घुसपैठ की आशंका भी खुफिया एजेंसियों ने जाहिर की है। खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के मुताबिक पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ने घुसपैठ की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा को सौंपी है। आईएसआई करतारपुर कॉरिडोर से आतंकियों को भारत भेजने के लिए दस्तावेज व सुविधाएं मुहैया कराएगी। खास मकसद के लिए आतंकियों को दो सप्ताह की विशेष ट्रेनिंग आईएसआई की निगरानी में दी गई है। यह भी पता चला है कि आतंकी संगठन पांच लोगों के साथ ऑपरेशन को अंजाम देने की तैयारी कर रहा है, जो सिख पोशाक पहनेंगे। इस संगठन को साकरगढ़ में एक आतंकी शिविर में आईएसआई की निगरानी में दो सप्ताह का कमांडो प्रशिक्षण दिया गया है और यह लश्कर-ए-तंजीम संगठन से जुड़ा है। निकट भविष्य में घुसपैठ की यह कोशिश की जा सकती है। पाकिस्तान की तरफ से आतंक परस्त नीति अपनाए जाने की खबर आज पूरी दुनिया को है। यहां तक की जिस तालिबान को अफगानिस्तान में स्थापित करने में पाकिस्तान ने पूरी दुनिया से बदनामी मोल ली, उसी ने पाक को आंखें दिखा दी है। दरअसल, तालिबान इस बार अपनी आतंक वाली नीति को पीछे छोडना चाहता है, मगर पाक को इसी में अपना हित दिख रहा है। यही वजह है कि आज दोनों देशों में ठन गई है। आतंकवाद से जूझती दुनिया को राहत दिलाने या इसकी त्रासदी को खत्म करने के



लिए सबसे जरूरी है कि इसके वित्तीय स्रोतों को रोका जाए। पिछले करीब दो दशक के बीच की घटनाओं के मद्देनजर वैश्विक स्तर पर इसके लिए जिम्मेदार कारकों और वैसे पक्षों की पहचान की जा सकी है, जो परोक्ष रूप से आतंकी संगठनों को या तो वित्तीय मदद मुहैया कराते हैं या फिर इसे रोक पाने में नाकाम हुए हैं। पाकिस्तान उन्हीं देशों में से एक है, जिसके बारे में विश्व समुदाय की यह धारणा बनी है कि वह आतंकवादी संगठनों को अलग-अलग स्रोतों से मिल रही वित्तीय मदद या उनकी गतिविधियों को रोक पाने में अपेक्षा के अनुरूप कामयाब नहीं हुआ है। दरअसल, आतंकी संगठनों के खिलाफ कार्रवाई किसी भी सरकार की राजनीतिक इच्छाशक्ति पर निर्भर करती है और इस लिहाज से देखें तो पाकिस्तान ने ऐसे कदम नहीं उठाए हैं, जिसे आतंकवाद पर लगाम लगाने के मद्देनजर ठोस पहलकदमी कहा जाए। हालांकि पाकिस्तान के आम लोग यह जान-समझ रहे हैं कि विश्वव्यापी बदनामी के कारण दुनिया उस पर ध्यान नहीं दे रही है, लेकिन पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान और खासकर उसकी सेना को शायद इसकी परवाह नहीं। हैरानी इस पर है कि क्रिकेटर से नेता बने इमरान खान सच को स्वीकार करने के बजाय अपनी आतंकपरस्त सेना की कठपुतली बनना पसंद कर रहे हैं। पाकिस्तान एक ओर खुद को आतंक पीड़ित बताता है और दूसरी ओर किस्म-किस्म के आतंकियों को पालने-पोसने का भी काम करता है। आतंक के रास्ते पर चलते रहने पर आमादा पाकिस्तान यही जाहिर कर रहा है कि वह अभी भारत समेत दुनिया के लिए सिरदर्द बना रहेगा। हालांकि दुनिया पाकिस्तान का रोना-धोना सुनना पसंद नहीं कर रही है, लेकिन उसकी हरकतों को देखते हुए भारत को उससे नए सिरे से निपटने की तैयारी रखनी चाहिए। यह तैयारी निर्णायक ही होनी चाहिए। यह बेवजह नहीं है कि वैश्विक आतंकवाद पर नजर रखने वाले एक अंतरराष्ट्रीय मंच फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स यानी एफएटीएफ की पिछली बैठक में एक बार फिर से पाकिस्तान को ग्रे सूची में ही बनाए रखने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि एफएटीएफ ने अपने आकलन में उन सत्ताईस कार्ययोजनाओं में से छह को पूरा करने के मामले में पाकिस्तान को नाकाम पाया, जबकि इसे पूरा करने की समय-सीमा खत्म हो गई है। अब एफएटीएफ ने अगले साल यानी 2021 तक पाकिस्तान को सभी कार्ययोजनाओं को पूरा करने को कहा है।

# यूपीः भाजपा में भागदौड़ - अभी तो यह 'ट्रेलर' है.... पूरी फिल्म बाकी है..... मेरे दोस्त....

### सूडोकु नवताल- 5956

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.


### सूडोकु नवताल -5955 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

**ओमप्रकाश मेहता**

भारतीय राजनीति के मार्गदर्शक उत्तरप्रदेश में विधानसभा चुनाव के पहले सत्तारूढ़ दल भाजपा में भागदौड़ का खेल शुरू हो गया है, मोदी-योगी की कथित 'दादागिरी' से उत्पीड़ित भाजपाजन अब दल को छोड़कर प्रमुख प्रतिपक्षी दल समाजवादी पार्टी का द्वार खटखटाने लगे है... और यह स्थिति सिर्फ उत्तरप्रदेश के सत्तारूढ़ दल के साथ ही नहीं बल्कि दूसरे अहम् चुनावी राज्य पंजाब की भी है, जहां कांग्रेसजन भाजपा का द्वार खटखटा रहे हैं। वैसे भारतीय प्रजातंत्र में दल बदल का यह चलन कोई नया नही है, यह तो कई सालों से चला आ रहा है, सत्तारूढ़ दल के नेता में जब अहम् की मात्रा बढ़ जाती है तो फिर हर राजनीतिक दल के साथ यही होता आया है, जिसकी किरदार स्वयं इंदिरा गांधी भी रही है, किंतु इस बार केवल इतिहास ही नहीं दोहराया जा रहा है, बल्कि इतिहास में नए आयाम जोड़े जा रहे है, जो स्पष्ट करते है कि देश-प्रदेश के नेता कितने अहंकारी हो गए है? वैसे इस दल-बदल के दौर को हवा देने में सदा से उत्तरप्रदेश ही अग्रणी रहा है जिसका साथ अन्य कई राज्यों ने दिया है।

यदि हम ताजे दौर की बात करें तो उत्तरप्रदेश के एकमंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपने मंत्री पद से इस्तीफे के साथ भाजपा से इस्तीफे का एलान किया है, श्री मौर्य उत्तरप्रदेश पिछड़ा वर्ग के वरिष्ठ नेता है और 2016 में बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे, उनकी बेटी अभी भी भाजपा से सांसद है उत्तरप्रदेश पिछड़ा वर्ग में उनका काफी प्रभाव है तथा मौर्य के इस्तीफे को भाजपा के लिए काफी बड़ा



झटका बताया जा रहा है, श्री मौर्य के साथ फिलहाल तीन भाजपा विधायकों ने भी इस्तीफें की पेशकश की है तथा राज्य के सभी कौनों ने उनके समर्थक भाजपा छोड़ सपा में जाने का एलान कर रहे है, नेशनल कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने करीब बीस विधायकों के भाजपा छोड़ने की भविष्यवाणी की है, यहां यह उल्लेखनीय है कि नेशनल कांग्रेस पार्टी ने उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन की घोषणा की है, जबकि गोवा विधानसभा चुनाव में वह कांग्रेस के साथ गठबंधन करने जा रही है। यद्यपि भाजपा छोड़ने वाले पिछड़े वर्ग के वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने फिलहाल यह औपचारिक घोषणा नहीं की है कि वे किस पार्टी का दामन थामने जा रहे है, किंतु मंत्री पद तथा पार्टी छोड़ने के तत्काल बाद उनकी सपा प्रमुख अखिलेश यादव से हुई भेंट ने यह स्पष्ट संदेश दे दिया कि उनका अगला राजनीतिक कदम सपा में ही होगा, पिछड़े वर्ग के इस वरिष्ठ नेता के सपा में प्रवेश को समाजवादी पार्टी नेता पार्टी के सुखद व शुभ बता रहे है तथा मान रहे है कि राज्य में अगली सरकार समाजवादी पार्टी की ही बनेगी तथा अखिलेश फिर एक बार मुख्यमंत्री बनेगें?

देश की राजनीतिक दिशा दिखाने वाले उत्तरप्रदेश के इस नए राजनीतिक घटनाक्रम ने जहां यह एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि उत्तरप्रदेश के साथ ही देश के आम वोटरों का भी भाजपा से मोहभंग होने लगा है, वहीं प्रतिपक्षी दलों को भी अब यह एहसास होने लगा है कि देश की सत्ता के सिंहासन से भाजपा को हटाना है तो मजबूत प्रतिपक्ष का होना जरूरी है और इसी बात को लेकर प्रतिपक्षी दलों में खुसर-फुसर शुरू हो गई है, कोई आश्चर्य नही होगा कि उत्तरप्रदेश चुनाव के पूर्व ही प्रतिपक्षी दलों की एकता की नई रणनीति सबके सामने आ जाये?

इसीलिए इन घटनाक्रमों से ऐसा लगता है कि देश में नए राजनीतिक तूफान की शुरूआत भी उत्तरप्रदेश से ही होगी और सब के सामने योगी जी का चेहरा होगा, जबकि निशान सीधे मोदी जी पर होगा। अब ऐसे कयास लगाए जा रहे है कि उत्तरप्रदेश के करीब एक सौ भाजपा विधायक एक जोरदार धमाके के माध्यम से मोदी को यह विस्फोटक संदेश देने वाले है। जहां तक मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ का सवाल है उन्हें भाजपा में मोदी-शाह-नड्डा के बाद चौथे क्रम का सबसे बड़ा नेता माना जा रहा था, साथ ही जिन पांच राज्यों में अगले महीनें विधानसभा चुनाव होने जा रहे है, उनमें से चार राज्यों में वर्तमान में भाजपा की सरकारें है।

## लोकतंत्र के लिए खतरनाक है दलबदल

**सुरेश हिंदुस्थानी**

उत्तरप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनावों से पूर्व जिस प्रकार से दलबदल करने के लिए कुछ राजनेता उतावले हो रहे हैं, उसके पीछे एक मात्र कारण यही माना जा रहा है कि ये सभी राजनेता भाजपा की विचारधारा को आत्मसात नहीं कर सके हैं। दूसरा बड़ा कारण यह भी माना जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के काम करने का तरीका उत्तरप्रदेश में विगत कई वर्षों से चली आ रही राजनीति के तरीके से भिन्न है। हम भली भांति जानते हैं कि संन्यासी वृति के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ निसंदेह उत्तरप्रदेश में स्वच्छ राजनीति के पक्षधर हैं और भाजपा छोड़ने वाले ज्यादातर विधायकों की राजनीतिक शैली बिलकुल भिन्न तरीके की रही है। कौन नहीं जानता कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में राजनीति करने वालों में दबंग किस्म के राजनेता भी मुख्य धारा में शामिल थे। प्रदेश की जनता इस प्रकार की राजनीति से प्रताड़ित भी होती रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यकीनन इस दबंग राजनीति पर लगाम लगाने का साहसिक कार्य किया है। वास्तव में लोकतंत्र को बचाने के लिए स्वच्छ राजनेताओं की बहुत आवश्यकता है, लेकिन कांग्रेस, सपा और बसपा की राजनीतिक कार्यशैली एकदम अलग प्रकार की है। उत्तरप्रदेश के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह सहज में ही दिखाई देता है कि पूर्व की सरकारों के समय में अपनाई जाने वाली राजनीतिक शैली में जबरदस्त बदलाव आया है, लेकिन जिस व्यक्ति के स्वभाव को यह बदलाव पसंद नहीं है, वह निश्चित ही भाजपा के साथ राजनीति करने के लिए फिट नहीं बैठता। ऐसे लोग स्वाभाविक रूप से भाजपा का साथ छोड़ने के लिए बाध्य ही होंगे। हालांकि यह प्रामाणिक रूप से कहा जा सकता है कि दलबदल करने वाले राजनेताओं के कोई भी नीति सिद्धांत नहीं होते। वह अवसर देखकर अपने आप में बदलाव करने में सिद्धहस्त होते हैं। जहां तक प्रदेश के कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के पार्टी छोड़ने का सवाल है तो यही कहा जाएगा कि प्रदेश में उनके परिवार की राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं की पर्याप्त भरपाई की गई, लेकिन मुख्य सवाल यही है कि भाजपा का जो कार्यकर्ता वर्षों से अहर्निश परिश्रम कर रहा है, उसकी उपेक्षा भी नहीं की जा सकती। और करना भी नहीं चाहिए। जो लोग अभी हो रहे दलबदल को योगी आदित्यनाथ के लिए खतरे की घंटी निरूपित कर रहे हैं, वे ऐसा लगता है कि बहुत बड़े भ्रम में हैं।

# चंबल पर क्रीड़ा भारती भिंड ने कराई रस्साकशी



## स्थानीय युवा और बालक बालिकाओं ने की बढ़-चढ़कर की हिस्सेदारी

भिण्ड। चम्बल घाटी की ऊर्जा को सही दिशा देने के लिए क्रीड़ा भारती ने कराई चंबल किनारे रेत पर रस्सा कसी प्रतियोगिता ,प्रतियोगिता में स्थानीय युबाओ तथा बालक बालिकाओ ने पूरी शक्ति से इसमें भाग लिया रस्साकशी करते वक्त वहआनंद भी महसूस कर रहे थे,रस्साकसी में क्रमांक 1 के ठुह्यह्य की टीम तथा किशोरी पब्लिक स्कूल की टीम के अलावा स्थानीय युवाओ ने अपनी ताकत आजमाई। इसमें निर्णायक की भूमिका में जिला पुरातत्व, पर्यटन एवँ सांस्कतिक परिषद भिंड के सदस्य अशोक तोमर,और दशरथ यादव आनंदम सहयोगी संजय पंकज मौजूद रहे। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती से जिला अध्यक्ष एवम स्त्रड्डह्लष्ठ भिंड के सदस्य राधे गोपाल यादव क्रीड़ा भारती सचिव प्रमोद गुप्ता और उनकी टीम तथा खेल विभाग से रविकांत धाकड़ राजा मदूरिया नीरज बघेल अनिल श्रीवास गोविंद यादव ब्रज गोपाल यादव सूर्यप्रकाश यादव मौजूद थे अंजली शिवहरे श्रेया यादव माधवी चौधरी भारती शर्मा प्रियंवदा भदोरिया भी मौजूद थी रस्साकशी के बाद पर्यटन के मास्टर ट्रेनर माधव यादव और धीरज गुर्जर सर के नेतृत्व में चंबल किनारे ट्रेकिंग की,और घड़ियाल सेंचुरी में घड़ियाल और प्रवासी पक्षियों को देखा और सभी ने अटेर किला पर भृमण कर यहाँ के पुरातात्विक और प्राकृतिक खूबसूरती को करीब से जान कर स्थानीय पर्यटन को बल दिया। इस अवसर पर गगन शर्मा जयदीप फौजी राहुल यादव उर्फ भूरे बलवीर सिंह उर्फ लड्डू यादव महेश यादव श्याम सेवक कृष्ण गोपाल यादव विजय यादव आदि मौजूद थे।

# फोटोयुक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीष कुमार एस ने नगरीय निकायो के निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण 1 जनवरी 2022 की स्थिति में किये जाने हेतु नगरीय निकायों के समस्त वार्डो की मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु निकायवार रजिस्ट्रीकरण, सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अपील प्राधिकारी नियुक्त कर दिये है। जिसके अन्तर्गत नगर पालिका परिषद भिण्ड के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार भिण्ड श्रीमती ममता शाक्य को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पालिका परिषद गोहद के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, तहसीलदार गोहद रामजीलाल वर्मा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, नगर पालिका परिषद लहार के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रौन को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बनाया गया है। उक्त तीनो नगर पालिका परिषदो के लिए अपर कलेक्टर भिण्ड को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। इसीप्रकार नगर परिषद मेहगांव के लिए तहसीलदार मेहगांव आरएन खरे को रजिस्ट्रीकरण, नायब तहसीलदार अमायन श्रीमती शिल्पा सिंह को सहायक रजिस्ट्रीकरण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद अकोडा के लिए नायब तहसीलदार उमरी अभिषेक गोतम रजिस्ट्रीकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भिण्ड को सहायक रजिस्ट्रीकरण एवं अनुविभागीय अधिकारी भिण्ड को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद फूप के लिए नायब तहसीलदार वृत्त फूप रंजीत सिंह कुषवाह रजिस्ट्रीकरण, नायब तहसीलदार पीपरी अरविन्द शर्मा को सहायक रजिस्ट्रीकरण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भिण्ड को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद रौन के लिए नायब तहसीलदार रौन रामनिवास धाकड को रजिस्ट्रीकरण, विकास खण्ड अधिकारी रौन को सहायक रजिस्ट्रीकरण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद दबोह के लिए नायब तहसीलदार दबोह आशीष अग्रवाल को रजिस्ट्रीकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत लहार को सहायक रजिस्ट्रीकरण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद आलमपुर के लिए नायब तहसीलदार लहार नवीन भारद्वाज को रजिस्ट्रीकरण, विकास खण्ड अधिकारी लहार को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को अपील प्राधिकारी बनाया गया है। इसीतरह नगर परिषद मौ के लिए नायब तहसीलदार मौ रवीष भदौरिया को रजिस्ट्रीकरण, नायब तहसीलदार लहार निषकांत जैन को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद गोरमी के लिए नायब तहसीलदार गोरमी शिवदत्त कटारे को रजिस्ट्रीकरण, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मेहगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मेहगांव को अपील प्राधिकारी, नगर परिषद मिहोना के लिए नायब तहसीलदार मिहोना राजेन्द्र प्रकाश मौर्य को रजिस्ट्रीकरण, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख भिण्ड मुन्नासिंह गुर्जर को सहायक रजिस्ट्रीकरण, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लहार को अपील प्राधिकारी एवं नगर परिषद मालनपुर के लिए नायब तहसीलदार एण्डोरी अनिल पटेल को रजिस्ट्रीकरण, नायब तहसीलदार एण्डोरी अमित दुबे को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोहद को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने प्राणायाम कर युवाओं को किया जागृत



भिण्ड । भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा और युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार जी के आह्वान पर स्वामी विवेकानंद जी की जन्म शताब्दी के अवसर पर चलाए जा रहे सात दिवस के कार्यक्रमों के तहत भिंड युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने विजयलक्ष्मी गार्डन परिसर में पहुंचकर स्पर्धा का आयोजन किया जिसमें मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन पूर्ण रुप से पालन किया गया। भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल पाठक प्रिंस दुबे ने सभी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ योगा कर अन्य समाज के युवाओं को भी स्वास्थ्य के लिए जागृत किया और कहा कि प्राणायाम ही ऐसी पद्धति है जो हमें बिना मेडिसन के शरीर को स्वस्थ रखती है इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हम सब अपने अपने घरों पर योगा के माध्यम से अपने शरीर को स्वस्थ बनाने में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के प्रभारी अमित चौधरी ने योगा कार्यक्रम के तहत स्पर्धा में आए सभी युवाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विक्रांत सिंह कुशवाहा एडवोकेट, सरजन नरवरिया, प्रतीक पांडे, सौरभ जैन, संदीप पाराशर, हरी कृष्ण चौधरी, विजय बरुआ, दीपक यादव, विकास त्रिपाठी, अनुज सियार बाल्मीकि, साहिल बाल्मीकि, अंश बाल्मीकि, विशाल बाल्मीकि आदि युवा मोर्चा के साथी मौजूद थे।

### उज्जवला कनेक्शन पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगे जाने पर गैस एजेसी संचालक को नोटिस

भिण्ड । उज्जवला योजनान्तर्गत मिलने वाले गैस कनेक्शन पर गैस एजेंसी संचालक पर निर्धारित शुल्क से अधिक राशि मांगे जाने की शिकायत की गई। जिसकी जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी द्वारा कराई गई। जांच प्रतिवेदन के आधार पर गैस एजेसी संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाकर समक्ष में उपस्थित होकर पक्ष रखने हेतु निर्देषित किया गया है। उक्त नोटिस जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। नोटिस में बताया कि कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस. को 02 दिसम्बर 2021 को शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह गुर्जर एवं अन्य नगरवासी गोहद द्वारा उज्ज्वला गैस कनेक्शन पर सामान के नाम पर अवैध बसूली के संबंध में शिकायत प्रस्तुत की गयी। उक्त शिकायत की जांच कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गोहद से करायी गयी। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी गोहद द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन 24 दिसम्बर 2021 अनुसार शिकायतकर्ता कुलदीप सिंह गुर्जर एवं आपके कथन दिये गये जिसके अनुसार कुलदीप सिंह गुर्जन ने अपने कथन में बताया कि माता इंद्रावेटी नाम से उज्ज्वला योजनान्तर्गत आवेदन दिया था, जिसमें चूल्हा, रेग्यूलेटर आदि निःशुल्क प्राप्त होना था किन्तु आपके द्वारा राशि 420 रू. की अलग से मांग की गयी।

### थानो में जमाशुदा शस्त्र वापिस होना शुरू

भिण्ड । त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 को सुचारू रूप से संचालन, कानून व्यवस्था, लोक परिशांति एवं आपसी सदभाव बनाये रखने के उद्देष्य से जिले के आर्म्स लायसेसियों के शस्त्र लायसेस निलंबित कर शस्त्र संबंधित थानो में जमा कराये गये थे। जिले के संबंधित थानो में जमाशुदा शस्त्र वापिस होना शुरू। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सतीष कुमार एस ने त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2021-22 की निर्वाचन संबंधी समस्त कार्यवाहियां निरस्त हो जाने के कारण संबंधित थानो में जमा कराये गये समस्त शस्त्र लायसेंस बहाल कर पुलिस अधीक्षक को निर्देषित किया है कि जमाशुदा शस्त्र की अन्य किसी अपराध में आवश्यकता ना होने पर लायसेंसी द्वारा वैद्य लायसेंस प्रस्तुत करने पर विधिवत वापिस करना सुनिश्चित किये जाये।

### जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त

भिण्ड । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन डॉ सतीष कुमार एस ने राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल के क्रम में नगर पालिकाओं एवं पंचायतो के निर्वाचन हेतु 1 जनवरी 2022 की स्थिति में फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2022 हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने हेतु जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स नियुक्त कर दिए है। नियुक्त किये गये जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स में शासकीय एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक राजेन्द्र सिंह राठौर को प्रशिक्षण प्रभारी, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी प्रो. रविकांत सिंह, डाईट भिण्ड के व्याख्याता व्हीसी राजपूत, शासकीय एमजेएस महाविद्यालय भिण्ड के सहायक प्राध्यापक आशीष गुप्ता, शाउउमावि क्र.1 भिण्ड के उमाशि सुरेन्द्र शर्मा एवं डाईट भिण्ड के व्याख्याता पीके मिश्रा को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

# ओलावृष्टि से पीड़ित मृतक किसान के आश्रितों को क्षतिपूर्ति राशि दी जावे : नमो नारायण दीक्षित



भिण्ड। भारतीय किसान संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नमो नारायण दीक्षित संभाग अध्यक्ष गंभीर सिंह सिकरवार, जिला अध्यक्ष रामसिंह चौहान, लहार तहसील अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह तोमर गोपाल बसेडिया ओलावृष्टि से पीड़ित किसानों से मिलने पहुंचे खेतों में देखा किसानों की फसलें ओलावृष्टि से पूरी तरह चौपट हो गई है, मौके पर सर्वे कर रही टीम ने बताया कि किसानों का सौ प्रतिशत नुकसान हुआ है, लेकिन हमारी मजबूरी है, ऊपर से हमें जैसा आदेश मिलेगा हम उसी अनुसार नुकसान की रिपोर्ट देंगे मतलब यह कि सर्वे रिपोर्ट सही नहीं दी जायेगी वरना सरकार को भरपाई करना पड़ेगी किसान संघ के लोगों ने जगदीश पुरा गाँव के मृतक किसान सेवा राम के परिवार को शोक संवेदना व्यक्त की और अंतिमसंस्कार के स्थान पर पहुँच कर श्रध्दांजलि दी लहार एस डी एम से चर्चा कर मृतक किसान के परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की नमो नारायण दीक्षित ने बताया कि विगत वर्षों से किसान कुदरत की मार से तो दूसरी तरफ जानवरों के नुक्सान से आहत हैं, इस वर्ष पहले सूखा, फिर अत्यधिक वारिश फिर भिंड जिले के सैकड़ों गांव बाढ़ के प्रकोप से परेशान और अब ओलावृष्टि से लगभग 22 गाँव के किसानों की फसलें चौपट हो गई खेतों में खड़ी चना, मटर, और सरसों की फसलें चौपट हो गयी है, सर्वे का आकलन सही नहीं किया जाता है, लागत बढ़ गई है एक हैक्टेयर पर लगभग दस हजार रूपये का खर्चा आता है सरकार कहती है कि एक हैक्टेयर पर तीस हजार का मुआवजा देगें वह भी सर्वे रिपोर्ट के आधार पर जो किसानों को बहुत कम

# समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक संपन्न



भिण्ड । कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने समय-सीमा पत्रों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कहा कि जिन अधिकारियों की कार्य में प्रगति धीमी है उसमें गति लाये अन्यथा संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी उन्होंने यह बात कलेक्टर कार्यालय भिण्ड के सभागार में आयोजित बैठक में की कही। बैठक में अपर कलेक्टर प्रवीण फुलपगारे, संयुक्त कलेक्टर बरूण अवस्थी, एसडीएम भिण्ड-अटेर उदयसिंह सिकरवार, सीएमएचओ डॉ अजीत मिश्रा सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे एवं अन्य अधिकारी वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ सतीष कुमार एस ने नगरीय निकायो के अन्तर्गत एमआरएफ, एफएसटीपी एवं कम्पोस्टपिट की स्थिति के बारे में नगर पालिका अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जिस नगरीय निकाय के अन्तर्गत एमआरएफ, एफएसटीपी एवं कम्पोस्टपिट के कार्य में प्रगति धीमी है वे तत्काल कार्य में गति लाना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके खिलाफ कार्यवाही की जावेगी। इसीप्रकार उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाऐ से ब्लॉक लेवल के अधिकारियों के कार्यो की जानकारी प्राप्त की। जिस पर उनके द्वारा सही स्थिति ना बता पाने के कारण नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक बैठक लेकर कार्यो की स्थिति के संबंध में अवगत कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों से कहा कि जिनके कार्यो की प्रगति ठीक नहीं है उन्हें ज्यादा मेहनत करके प्रगति लाना होगा। उन्होंने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा में देखा कि जनपद सीईओ के कार्यो की प्रगति काफी धीमी है, जिस पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जेके जैन को निर्देषित किया कि जिन जनपद सीईओ की काफी कम है उन पर कार्यवाही की जावे। इसके साथ ही पीएचई, आदिम जाति एवं पिछडा वर्ग कल्याण,

## कुपोषित बच्चो के लिए संजीवनी रक्तदान संगठन ने उपलब्ध कराए रूम हीटर



भिण्ड। संजीवनी रक्तदान संगठन द्वारा आज नवादा बाग, भिण्ड निवासी उदयवीर सिंह भदौरिया (चच्चू) के सहयोग से उदयवीर की धर्मपत्नी स्व. श्रीमती राधा देवी की छठवीं पुण्यस्मृति के अवसर पर एनआरसी वार्ड में 4 रूम हीटर उपलब्ध कराए। उन्होंने कहा कि इस कंपकपाती सर्दी में बच्चों के हितार्थ उन्होंने यह कार्य किया है। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ अनिल गोयल, उदयवीर सिंह भदौरिया, विजय प्रताप सिंह भदौरिया, यश प्रताप सिंह, बबलू सिंधी, डॉ. हिमांशु बंसल, डॉ. अवधेश सोनी, डॉ वरुण शर्मा, डॉ साकार तिवारी, डॉ. ब्रजभान सिंह, डॉ ब्रजबाला, स्टाफनर्स वर्षा दुबे, मंजू कुशवाह, रेखा उके आदि उपस्थित रहे।

# गहोई दिवस पर गहोई वैश्य सभा द्वारा सर्व सम्मति से मुन्नालाल गुप्ता (चपरा) पुनः अध्यक्ष एवं अंजुम मनोहर सचिव मनोनीत



भिण्ड। स्थानीय शिवाजीनगर महावीरगंज स्थिति राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त गहोई सामुदायिक भवन के मुख्य सभागार मे गहोई दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम सूर्यदेव एवं राष्टकवि मैथिलीशरण गुप्त के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर अध्यक्ष ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसका कुशल संचालन कवि अंजुम मनोहर सचिव ने किया। तदुपरांत पिछ्ले वर्ष का आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत किया गया । पिछले साल का कार्यकाल पूर्ण होने पर आम बैठक में सर्वसम्मति से पुनः मुन्नालाल चपरा अध्यक्ष बनाया गया । जिसकी सामूहिक घोषणा निर्वाचन अधिकारी कैलाशनारायण सांवला ने की। जिसका प्रस्ताव कैलाशनारायण नगरिया एवं समर्थन डा सुशील गुप्ता द्वारा गहोई वैश्य सभा के सम्माननीय सदस्यों ने करतल ध्वनि के साथ किया। तदुपरांत अध्यक्ष मुन्नालाल चपरा द्वारा सामूहिक रूप से आगामी कार्यकाल के लिए कवि अंजुम मनोहर रावत को सचिव बनाया गया। इस अवसर गहोई सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु सहयोग राशि प्रदान करने वालों को सहभागिता प्रमाणपत्र सादर प्रदान किये गये । गहोई वैश्य सभा भिण्ड के सम्माननीय सदस्यो मे सर्व डा गुरूदयाल रावत, विद्याचरण रावत, हरनारायण सोनी, रमेश सोनी, विनोद रसिया, पूरन लाल सोनी, रामप्रकाश सोनी, मुरारीलाल रावत ( एडवोकेट), प्रमोद कनकने, सुरेश नौगरैया ( एडवोकेट ), अशोक कुमार नौगरैया, सियाशरन कस्तवार, सुभाष विलैया, गोपाल लहारिया, अनामीशरण सोनी, नीरज सेठ, राजेंद्र मोर, महेश तरसोलिया, अमन रावत, महेश सिपौल्या, संतोष लहारिया, शुभम मिसुरिया, अबध बिहारी रावत, संजीव रावत, विवेक नौगरैया, संतोष सोनी, नरेंद्र कुमार हूका, रामकुमार कसाव, सुदामा प्रसाद कस्तवार, कैलाश नारायण नीखरा, दिलीप अग्रवाल, महेश सोनी, संजय कनकने, प्रमोद सकेरे, रामकुमार सोनी, राजेश सोनी, अरविंद महतेले, सुरेश कुमार कुचिया, राजू कुचिया, प्रवीण कुमार सावला, अमित सोनी, संजय रसिया, सन्नी लहारिया, अशोक सोनी ने कार्यक्रम के अंत मे वरिष्ठ राजनेता 104 वर्षीय स्व. श्री लक्ष्मीनारायण गुप्ता (नन्ना जी ) को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

# गुलाम बनाये रखने के लिए अंग्रेजों ने जानबूझकर लागू की थी लार्ड मैकाले की शिक्षा नीतिः सासंद पचौरी

## बच्चों की मन भावन प्रस्तुति ने समरसता उत्सव में लगाये चार चांद

**पुष्पांजली टुडे ब्यूरो**

**कानपुर** – यहां गोबिन्द नगर स्थित सरस्वती शिशु मन्दिर में मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित समरसता उत्सव में बच्चों ने एक से बढकर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि केन्द्र सरकार इसी वर्ष से नई शिक्षा नीति को लागू करने जा रही है, जो लोगों को शिक्षित करने के साथ ही संस्कारवान भी बनाएगी।



कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात मुख्य अतिथि के उदबोधन के बाद शुरू हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों ने देशभक्ति गीतों पर एक से बढकर एक सजीव झाकियां प्रस्तुत की तो उपस्थित लोग जोरदार तालियां बजाने को मजबूर हो गए। पांच वर्ष की महक ने जब हाथ मे डमरू लेकर शिव तांडव प्रस्तुत किया तो लोग मुहँ में उगंली दबाने को मजबूर हो गए। कार्यक्रम में छात्राओं ने होली गीत पर सामूहिक गीत व नृत्य प्रस्तुत कर होली का माहौल बना दिया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सासंद सत्यदेव पचौरी ने कहा कि मकर संक्रांति एकता की परिचायक है । यह समाज को एकसाथ जोडने का भी काम करती है। उन्होंने कहा कि सरकार देश की सास्कृतिक धरोहरों को संरक्षित एवं सुरक्षित करने हेतु कटिबद्ध है। हमारी धार्मिक चेतना के जो केंद्र है उन्हें भी भव्यता प्रदान की जा रही है। भारत आज आध्यात्मिक द्रष्टि से विश्व का प्रमुख केंद्र है जो पूरे विश्व को प्रेरणा देने का काम कर रहा है। सांसद ने कहा कि अंग्रेजों ने जानबूझकर लार्ड मैकाले की शिक्षा नीति को लागू किया ताकि हम हमेशा गुलाम बने रहे। पुरातन संस्कृति में नौजवानों को उच्च संस्कार देने का काम किया जाता था अब वह संस्कारयुक्त शिक्षा का नितांत अभाव दिखता है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्ञानेन्द्र सचान,सुरेन्द्र गेरा,रमेश सिंह वधावन, प्रकाश वीर आर्य, नवाब सिंह यादव, महेश कुमार, राजेश बाजपेयी, शिव सिंह, सुरेन्द्र पाल सिंह, गौरांग दीक्षित, विशाल साहनी,पार्षद नवीन पंडित, अखिल भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय मंत्री सुखदेव प्रसाद मिश्रा आदि थे।



## श्री बाबाजी मार्बल हाउस का हुआ भव्य शुभारंभ

**पुष्पाजंली टुडे**

**कुक्षी**– मध्यप्रदेश के धार जिले के अंतिम छोर पर बसे जिले की सबसे बड़ी तहसील कुक्षी जिले का सबसे बड़ा व्यापारिक केंद्र बनता जा रहा है। यहां व्यापार के क्षेत्र मे श्री बाबाजी मार्बल हाउस का भव्य शुभारंभ हुआ।शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि कांतिलाल गहलोत (प्रांतीय महासचिव एव अध्यक्ष सीरवी समाज कुक्षी) तथा नारायणलाल परिहार (पूर्व अध्यक्ष सीरवी समाज कुक्षी)के साथ सकल पंच गोमाजी सेप्टा,बाबूलाल गहलोत,रमेश काग, मंगाजी बरफा,बाबूजी मुलेवा,समाज के कोटवाल कैलाश काग मौजूद थे।अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम पूजा अर्चना कर आरती की गई।इस अवसर पर हरीराम राठौर बोरलाई,कैलाश भायल,प्रकाश हम्मड तलवाड़ा,विजय परमार अंजड,राजेश राठौर,शंकरलाल काग (मेजर),बाबूजी ठेकेदार, पप्पु भाई चारे वाला,बाबूलाल हम्मड, शंकरलाल सोलंकी,आकाश सोलंकी के अलावा चोयल परिवार के स्तम्भ रामाजी राजाजी चोयल उपस्थित थे।मार्बल हाउस संचालक धर्मेंद्र चोयल ओर जितेन्द्र अगल्चा ने बताया कि नई वेरायटी के साथ विभिन्न प्रकार के मार्बल उपलब्ध रहेंगे।यह जानकारी पूनम सीरवी कुक्षी ने दी

## वन-टू-वन

### कलचुरी मातृ शक्ति सेवा मंडल की ने प्रसादी वितरण करके मनाई संक्रांति

**अनिल कुशवाह ब्यूरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–खबर शिवपुरी की आदिवासी वस्ती से है जहाँ कलचुरी मातृ शक्ति सेवा मंडल की सभी



बहनों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी बस्ती में जाकर मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया सभी बहनों द्वारा खिचड़ी लड्डू गजक मिठाईयां गर्म ऊनी वस्त्र जरूरतमंद लोगों को वितरण किए कलचुरी समाज की जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे ने सभी देशवासियों को मकर संक्रांति के पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी सूर्य देवता को अन्य धन का दाता और और समस्त ऊर्जा का आधार माना है भारत में सूर्य के दक्षिणायन से उत्तरायण वह कर मकर रेखा की और जाने का स्वागत हम मकर संक्रांति के पर्व के रूप मैं उमंग और उत्साह से करते हैं खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में कलचुरी जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शिवहरे महासचिव श्रीमती साधना शिवहरे जिला उपाध्यक् श्रीमती बंदना शिवहरे श्रीमती मिथिलेश शिवहरे श्रीमती पुष्पा शिवहरे श्रीमती मीना शिवहरे श्रीमती सरिता शिवहरे तनु शिवहरे और आदि महिलाएं भी सम्मिलित रही

### शास हाई स्कूल मोहझरी में प्रतिमा अनावरण समारोह संपन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

शास हाई स्कूल मोहझरी के परिसर में प्रतिमा अनावरण समारोह संपन्न किया गया जिसमें डा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी, ज्ञान की देवी मां सरस्वती, स्व .महिपाल



नाकतोड़े समाजसेवी सर्वोदय कार्यकर्ता की मूर्तियों का मुख्य अतिथि सुश्री हिना कावरे विधायक लांजी किरनापुर , बी आर गुर्दे विकासखंड शिक्षा अधिकारी लांजी, देवेंद्र खोंगल पूर्व जनपद अध्यक्ष, अजय अवसरें अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी,यादोराव रावते पुर्व जनपद सदस्य ,मनीषा रविन्द्र धारने जिला पंचायत सदस्य, महेंद्र अवसरें प्राचार्य ,पूनम शरद आसटकर ,बालाराम अवसरें, भुनेश्वर रावते ,अजय अवसरें सेवानिवृत्त प्राचार्य ,रामप्रसाद नाकतोड़े सेवानि.शिक्षक, अमृतलाल ठाकरे, गणेश कावड़े ,आनंदराव नाकतोड़े,अमीर नकतोड़े ,संतोष नाकतोड़े, युगल नाकतोड़े जी,अमित अवसरें, प्रेमलाल पारधी ,शिक्षक परिवार ,पंचभाई सर ,अनिल ठाकरे ,कावरे सर ,ठाकरे सर की उपस्थिति में किया गया ।

# भगवान द्वारिका धीश एबं रुकमणी का बिबाह समारोह में उमड़ा भारी जनसैलाव

## मिहोनी माता मंदिर पर श्रीमद् भागबत कथा का आयोजन

## श्रीमद् भागवत महापुराण सुनने के लिये अच्छा श्रोता होना आबश्यक-पवन शास्त्री

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**

**दबोह**। दबोह क्षेत्र के समीप आने वाले मिहोनी माता मंदिर पर श्री श्री 108 पुरुषोत्तम दास महाराज एवं समस्त भक्तों की अगुबाई में श्री मद् भागवत कथा ज्ञान यग का आयोजन चल रहा है।जिसमे बड़ी ही सुंदर संगीतमयी कथा बाचक प्रसिद्ध भागवताचार्य संस्कार एबं आस्था चैनल के भजन गायक पंडित पवन कुमार शास्त्री के मुखार बिंद से भक्तो को श्रवण कराई जा रही है।सोमवार के दिन भागवत कथा में रुकमणी एबं भगवान द्वारिका धीश का बिबाह समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया।इस अबसर पर बिबाह समारोह में यज्ञ के आयोजक श्री द्वारिका धीश एबं रुकमणी के पैर पूजकर पूरी बिधिबिधान के साथ बिबाह सम्पन्न कराया।इस मौके पर पंडित पवन कुमार शास्त्री के प्रसिध्य् भजनों ने भक्तो का मन मोह लिया।पारीक्षत सरमन बघेल ने फूलो की



बरसात की।दबोह अंचल से हजारो की संख्या में भक्तो का भारी जनसैलाव देखने को मिला एबं बारात में सभी भक्त भाब बिभोर होकर नांच उठे सोमबार के दिन कथा में भगबान हुनमान जी महाराज कथा एक प्रसंग सुनाते हुए श्रीपवन शास्त्री ने कहा की इस दुनियां में केबल बही लोग श्रीमद् श्रीमद् भागवत कथा के कृपा पात्र बन पाते है जो अच्छे श्रोता होते है।कलियुग में श्रीहरि की श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिये हमेसा हनुमान महाराज श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिये हमेसा उपस्थित रहते है इसलिये प्रत्येक भक्त को ध्यान पूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करना चाहिये तभी वह भक्त श्रीमद् भागवत का कृपा बन सकता है।वही उन्होंने कहा कथा प्रवक्ता को भी चाहिये जो वह समाज सुधार का ज्ञान दे रहा है उसे भी स्वयं पर अमल करना चाहिए ।

# नवनियुक्त पदाधिकारियों का नीतू तोमर कार्यालय पर हुआ स्वागत सम्मान



**केशब पंडित जी अम्बाह...**

**अम्बाह...** भारतीय जनता पार्टी अम्बाह के युवा नेता रामू सिंह तोमर के द्वारा नीतू तोमर कार्यालय अम्बाह पर भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्ष वरिष्ठ नेताओं का शॉल श्रीफल आदि से स्वागत सम्मान किया गया जिसमें प्रमुख वक्ताओं ने कहा की भारतीय जनता पार्टी देश की सबसे बड़ी पार्टी है हम सबको संगठित होकर कार्य करना चाहिए भारतीय जनता पार्टी युवाओं महिलाओं के लिए केंद्र व प्रदेश सरकार के द्वारा कई योजनाएं संचालित की हैं हम सभी कार्यकर्ताओं को योजनाओं में होने वाले लाभ को धरातल तक पहुंचाएं गरीबों की ईश्रमिक योजना की जानकारी घर-घर तक पहुंचाएं सम्मान समारोह कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष साहिब सिंह तोमर जिनेश जैन खुशीलाल श्रीवास बच्चूलाल गुप्ता नगर मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कंचन चौहान किसान मोर्चा जिला महामंत्री जितेंद्र सिंह तोमर किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष अंबाह रामसेवक राठौर संदीप उपाध्याय रामू सिंह तोमर अविनाश शर्मा महेंद्र सखवार आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन अजय जैन के द्वारा किया गया



## जिला अस्पताल में हुई कैदी की मौत, परिजनों ने किया हॉस्पिटल में हंगामा

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**–खबर शिवपुरी के जिला अस्पताल में कैदी की मौत के बाद परिजनों ने हंगामा कर दिया। दरसअल विचारधीन कैदी महेश धानुक सात माह पहले 1.5 वर्ष की बच्ची के बलात्कार के आरोप में शिवपुरी की सर्किल जेल में कैद था। इस दौरान आज सुबह कैदी महेश की जेल में तबियत बिगड़ी जिसके बाद उसे शिवपुरी के जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुँचे कैदी महेश धानुक के परिजनों ने जिला अस्पताल में हंगामा कर दिया। कैदी महेश धानुक की पत्नी सरोज धानुक ने हत्या का शक जताया है। जिला अस्पताल में हंगामे के बाद भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है पुलिस बल पहुंचने के बाद अस्पताल में हो रहे हंगामे को नियंत्रण में किया गया और स्थिति को सामान्य बनाया गया

# सर्वेश चतुर्वेदी बने डिस्ट्रिक्ट लीगल एड ऑफिसर

## अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (सनातन) ने किया सम्मान

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**– म.प्र. हाई कोर्ट द्वारा आयोजित जिला विधिक सहायता अधिकारी की परीक्षा में प्रदेशस्तरीय मेरिट सूची में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर सर्वेश चतुर्वेदी को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि यह परीक्षा म.प्र. में रिक्त कुल 14 पदों के लिए आयोजित की गई थी जिसमें सर्वेश चतुर्वेदी ने तृतीय स्थान प्राप्त कर ब्राह्मण समाज को मान बढ़ाया है।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिलाध्यक्ष पं.पुरूषोत्तम कांत शर्मा एवं महासचिव राजकुमार सरैया ने बताया कि सर्वेश चतुर्वेदी कड़े संघर्ष, धैर्य और पारिवारिक सपोर्ट के कारण जीवन के उतार चढ़ाव तय करते हुए म.प्र. हाईकोर्ट द्वारा आयोजित डिस्ट्रिक्ट लीगल एड ऑफिसर की परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर चयनित हुए हैं। उन्होने परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर परिवार, समाज व अपने जिले का मान बढ़ाया है। साधारण परिवार में जन्में सर्वेश चतुर्वेदी ने शुरू से ही काफी दिक्कतों का सामना किया। पिताजी स्व. सुरेन्द्र चतुर्वेदी के ब्रैन हैमरेज होने व उनका देहावसान होने पर



पढ़ाई छोड़ना भी पड़ी किन्तु मॉ शकुन्तला चतुर्वेदी जो सहायक शिक्षिका है, ने बेटे का हौंसला बढ़ाया व अध्ययन पुनः शुरू कराकर पारिवारिक सपोर्ट दिया जिसके कारण सर्वेश चतुर्वेदी ने यह परीक्षा उतीर्ण कर तृतीय स्थान से चयनित हुए। ब्राह्मण समाज को गौरान्वित करने पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन ने उन्हे प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित करते हुए शुभकामनाएं एवं बधाईया प्रेषित की हैं। बधाईयां देने बालों में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा सनातन के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम कांत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष हरगोविन्द शर्मा, डॉ.बी.के.शर्मा, रामकुमार पाण्डेय, आरडी शर्मा, डॉ जे.पी.बिरथरे, रामगोपाल शर्मा, महेन्द्र दुवे, पवन अवस्थी, महावीर मुदगल, महेन्द्र शर्मा, यशवंत भार्गव, योगेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र भार्गव, अरविन्द सरैया, राजू शर्मा पिपरघार, विपिन पचैरी आदि शामिल हैं।

# हमारा एक ही सपना हर घर हो इतिहास अपना - आनंद लोधी

## खैरागढ विधानसभा के 25 हजार लोधी जो समाज को सम्मान व अवंतीबाई लोधी की चौराहे पर प्रतिमा देगा समाज निर्णय कर उसी का साथ देगा

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़**

आगरा खैरागढ विधानसभा के सत्य साईं एजुकेशनल एकेडमी में अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा की बिधान सभा टीम का गठन जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में किया गया महासभा के जिला उपाध्यक्ष प्रेमसिंह लोधी ने बताया की आयोजन में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय लोधी युवा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी एवम विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी पीतम सिंह लोधी और प्रदेश संगठन महामंत्री हरीओम लोधी



रहे। कार्यक्रम की विधिवत रूप से राष्ट्रीय अध्यक्ष आनंद लोधी ने वीरांगना अवंतीबाई लोधी के चित्र पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर शुभारंभ किया और महासभा के कार्यो पर प्रकाश डाला और युवाओ को शिक्षा खेलकूद के लिये प्रेरित किया साथ ही कहाँ अगर लोधी समाज का संगठन मजबूत होगा तो राजनीति की हिस्सेदारी मजबूत होगी संगठन से होकर ही राजनीति के लिये रास्ता बनता है। विधानसभा के 25 हजार लोधी निर्णायक वोट जो समाज को सम्मान व अवन्तिबाई लोधी की चौराहे पर प्रतिमा देगा समाज निर्णय कर उसी का साथ देगा। पीतम सिंह लोधी ने युवा से कहाँ आप समाज के लिये हनुमान की भांति कार्य करे आपके साथ जामवंत के रूप में आनंद लोधी खड़े हैं ।

हरीओम लोधी ने नवनियुक्त कार्यकारिणी से कहाँ की अब हमें प्रदेश के हर जिले की विधानसभाओ में ब्लॉक स्तर व ग्राम स्तर पर लोधी समाज को मजबूत करने के लिये युवाओं की टीम बनानी होगी जिससे राष्ट्रीय पार्टियों को हमारी शक्ति का आभाष हो सके।

सत्य साईं एजुकेशनल एकेडमी के चेयरमैन के पी सिंह लोधी ने समाज को एकजुट होने के लिये अपील की कार्यक्रम की अध्यक्षता बिधान सभा अध्यक्ष जितेंद्र प्रधान ने की और कुशल संचालन जिला महामंत्री राहुल राजपूत ने किया। कार्यकारिणी का विस्तार जितेंद्र सिंह प्रधान बिधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह प्रधान विधानसभा प्रभारी रामकिशन लोधी रवि लोधी उत्तम लोधी ब्रजेश लोधी उपाध्यक्ष लज्जाराम लोधी महामंत्री नरेश राजपूत मीडिया प्रभारी राजेंद्र लोधी सोशल मीडिया प्रभारी बंटी लोधी वि0 ख उपाध्यक्ष इत्यादि युवाओ ने सदस्यता ग्रहण की कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष उमेन्द्र राजपूत केपी सिंह लोधी कमल सिंह प्रधान योगेश लोधी दीपक लोधी कल्याण सिंह नरेश राजपूत प्रेमसिंह राजपूत पवन लोधी रवि लोधी दीपक लोधी अजय कुमार पुरुषोत्तम रामपाल सोमवीर साहब सिंह सुशील उत्तम पवन आदि लोग मौजूद रहे।

## शहर को स्वच्छ बनाने की दिशा में निबंध एवं ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन, कन्या विद्यालय में किया गया

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



**भिंड** – स्वच्छ भारत मिशन के तहत नगर पालिका अमला कन्या विद्यालय में ड्राइंग प्रतियोगिता करायी गयी जिसमे विद्यालय के बच्चों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता दो चरणो में कराई गयी। प्रथम चरण में 1से 6 तक व दूसरे चरण में 9 वी से 12 वी तक के छात्रों ने भाग लिया । जिसमे मुस्कान बाथम ,खुशी श्रीवास,वैष्णवी बाजपेयी ,नंदनी गहलोत,स्नेहा बाथम,सोम्या अग्रवाल ,खुशी निगम, सेजल ,अंजली, रोशनी, चांदनी, मोहनी, तुलसी, शालू, उमा, अंशिका, वैष्णवी, बेटूआशिया खान , कुमकुम, रश्मी यादव, मोनिका, कल्पना, मिनी, गुड्डी, खुशबू, करिश्मा, राधा, स्वाति, ऋतू, प्रियंका, भूमिका, निशा, छाया, काजल, उमा, राखी, संजू, नम्रता, नेहा ,किरन, शिवानी, खुशबू, ऋतू राजावत, सिमरन, मानशी, आशा, आरती, तमना शेख, अनुष्का, दिव्या, सोनम रूपल ,हिना, कल्पना, मिनी, चौहान, आदि छात्रो ने भाग लिया जल्द ही निकाय द्वारा परिणाम घोषित कर पुरष्कार वितरण किये जावेगे कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आकाश त्यागी,आशीष शर्मा,लखन कुबेर,सूर्यवीर सिंह,रामविलाश सगर,पपेंद्र जाटव,राघवेन्द्र शर्मा,भविष्य गुप्ता,अमन श्रीवास्तव मौजूद रहे

# असीम अरुण जैसे राष्ट्रहितेषीयों का सक्रिय राजनीति में आना भारतीय राजनीतिक छवि में सुधार का प्रारंभिक दर्शन है : भाजपा नेता सतेन्द्र सिंह राघव

**संजय सिंह तोमर रिपोर्टर पीटीवी न्यूज़ खेरागढ़ खबर उत्तर प्रदेश –**

भाजपा नेता सतेन्द्र सिंह राघव ने असीम अरुण जैसे शानदार अधिकारी का भाजपा में शामिल होने का ह्रदय से स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए बताया, यह माज़्प्रधानमंत्री जी के स्वप्न नवभारत निर्माण को साकार करने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। आज उनके जैसे पढ़े-लिखे राष्ट्रहितैषियों का बढ़-चढ़कर पार्टी में सम्मिलित होना नवभारत निर्माण की ओर मजबूती से हमारा गौरव बढ़ाता है। साथ ही सत्येंद्र सिंह राघव ने उत्तर प्रदेश की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि बदलाव की इस पावन बेला में आप सभी शत-प्रतिशत मतदान करके भाजपा की फिर से प्रचंड बहुमत से सरकार बनवाने में सहयोग करें ।

इस संदर्भ में सत्येंद्र सिंह राघव का कहना है कि बुद्धिजीवी वर्ग, उच्चशिक्षित व्यक्तियों का सक्रिय राजनीति में आना उनके देश सेवा भाव को प्रकट करता है और निश्चित ही इससे भारतीय राजनीति की जो छवि गत कई दशकों से धूमिल हुई थी उसमें सुधार का एक प्रारंभिक दर्शन सिद्ध होता है।



आपको बता दें सत्येंद्र सिंह राघव स्वयं एक उच्चशिक्षित एवं तेजतर्रार बुद्धिजीवी तथा देश एवं समाज प्रेम की भावना से भारतीय संस्कृति से अटूट लगाव रखते हैं, माज़्श्री योगीजी महाराज को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने हेतु सतेन्द्र सिंह राघव कठोर संघर्ष के साथ अपने गृह जनपद बुलंदशहर, गाज़ियाबाद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में धरातल स्तर पर कार्य कर रहे हैं। आगे सत्येंद्र सिंह राघव ने कहा हमारे माज़्प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नवभारत निर्माण का स्वप्न अब धरातल पर महाशक्ति बनकर वृद्धि कर रहा है वर्तमान युग के इस बदलाव को जनता भली-भांति समझ रही है और चोर-उचक्के, अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, माफियाऔ, गुंडों के जमावड़े (ठगबंधन) को मजा चखाने के लिए तत्पर है।*असीम अरुण जैसे राष्ट्रहितेषीयों का सक्रिय राजनीति में आना भारतीय राजनीतिक छवि में सुधार का प्रारंभिक दर्शन हैभाजपा नेता सतेन्द्र सिंह राघव*


### खबर उत्तर प्रदेश

भाजपा नेता सतेन्द्र सिंह राघव ने असीम अरुण जैसे शानदार अधिकारी का भाजपा में शामिल होने का ह्रदय से स्वागत एवं आभार प्रकट करते हुए बताया, यह माज़्प्रधानमंत्री जी के स्वप्न नवभारत निर्माण को साकार करने की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। आज उनके जैसे पढ़े-लिखे राष्ट्रहितैषियों का बढ़-चढ़कर पार्टी में सम्मिलित होना नवभारत निर्माण की ओर मजबूती से हमारा गौरव बढ़ाता है। साथ ही सत्येंद्र सिंह राघव ने उत्तर प्रदेश की जनता से अनुरोध करते हुए कहा कि बदलाव की इस पावन बेला में आप सभी शत-प्रतिशत मतदान करके भाजपा की फिर से प्रचंड बहुमत से सरकार बनवाने में सहयोग करें ।

इस संदर्भ में सत्येंद्र सिंह राघव का कहना है कि बुद्धिजीवी वर्ग, उच्चशिक्षित व्यक्तियों का सक्रिय राजनीति में आना उनके देश सेवा भाव को प्रकट करता है और निश्चित ही इससे भारतीय राजनीति की जो छवि गत कई दशकों से धूमिल हुई थी उसमें सुधार का एक प्रारंभिक दर्शन सिद्ध होता है।

आपको बता दें सत्येंद्र सिंह राघव स्वयं एक उच्चशिक्षित एवं तेजतर्रार बुद्धिजीवी तथा देश एवं समाज प्रेम की भावना से भारतीय संस्कृति से अटूट लगाव रखते हैं, माज़्श्री योगीजी महाराज को पुनः प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने हेतु सतेन्द्र सिंह राघव कठोर संघर्ष के साथ अपने गृह जनपद बुलंदशहर, गाज़ियाबाद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश में धरातल स्तर पर कार्य कर रहे हैं। आगे सत्येंद्र सिंह राघव ने कहा ÷हमारे माज़्प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नवभारत निर्माण का स्वप्न अब धरातल पर महाशक्ति बनकर वृद्धि कर रहा है÷ वर्तमान युग के इस बदलाव को जनता भली-भांति समझ रही है और चोर-उचक्के, अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, माफियाऔ, गुंडों के जमावड़े (ठगबंधन) को मजा चखाने के लिए तत्पर है।


## वन-टू-वन



### माना युवा प्रकोष्ठ म प्र का द्वितीय प्रान्तीय अधिवेशन सम्पन्न

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

आदिवासी माना युवा प्रकोष्ठ मध्यप्रदेश की द्वितीय प्रांतीय अधिवेशन का आयोजन दिनांक16 जनवरी 2022 को पाली एकेडमी बीएड कॉलेज लांजी में सम्पन्न हुआ।जिसमें समाज के युवाओं द्वारा अनेक सामाजिक कुरीतियों अहेर प्रथा,दहेज प्रथा, लग्न समय को लेकर अनेक प्रस्ताव समाज हित मे लिए गए। समाज में युवाओं को बेहतर प्रतिनिधित्व के लिए समाज के क्या प्रयास हो इसके लिए युवाओं को आर्थिक सहयोग दिया गया। समाज के चहुमुंखी विकास की प्रक्रिया को तेज करने के लिए सभी सक्रिय सदस्यों ने दृढ़ संकल्प लिया।आदिवासी माना समाज जिसकी जनसंख्या लांजी के 60 गांवों में लगभग 60000 के आसपास है,जिनका मुख्य व्यवसाय कृषि करना है।अपनी परम्पराओं के निर्वहन के चलते समाज मे कुछ कुरीतियों उत्पन्न हो गई इनसे समाज को कैसे छुटकारा दिलाया जाए इस पर गहन चिंतन, मनन,चर्चा और समाधान के रास्ते उक्त अधिवेशन में पारित किए गये।इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संरक्षक लुकचंद चौधरी, राधेश्याम नारनौरे, परशुराम धारने अध्यक्ष अशोक घरते उपाध्यक्ष वेद डोंगरे,फगुराम डोंगरे सचिव गांधी घोरमारे सहसचिव अतुल हनोते कोषाध्यक्ष श्रीराम घरते सदस्य राकेश नारनौरे रोशन घोरमारे, समारू लाल घोरमारे, धर्मेंद्र धारने, ओमप्रकाश नेवारे,महेश घोरमारे, धनीराम धारने, वीरेन्द्र घोरमारे, शिवनारायण हनोते,अजय धारने, महेंद्र नेवारे,जयराम नेवारे,तन्मय घोरमारे एवम अन्य सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

### जिला पंचायत नामदेव बाबूजी की आगे बड़े अधिकारी नतमस्तक

**राकेश परिहार पीटीवी न्यूज़ पिछोर, 9691338626**

पिछोर,शिवपुरी का यह मामला देखने में आया है कि जनपद पंचायत पिछोर पत्र क्रमांक 1163 दिनांक 8 /11/2021 को ठाकुर बाबा ट्रेडर्स की मांग पर जिला पंचायत को पत्र लिखा गया था कि इसको मनरेगा पोर्टल पर अंकित करने की कृपा करें जिससे ठाकुर बाबा ट्रेडर्स द्वारा लगाए गए बिलो का 215232 का भुगतान हो सके जिस पर रजिस्ट्रेशन हेतु उपयुक्त दस्तावेज सलंगन किए थे लेकिन नामदेव बाबू जिला पंचायत द्वारा रुपए 8000 की मांग की गई और उन्हें रुपए 8000 ना देने से उन्होंने वरिष्ठ अधिकारी महोदय को गुमराह कर लगभग 50 दिन बाद उन्होंने कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी स्मन्यक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी महोदय जी जिला पंचायत शिवपुरी द्वारा पत्र क्रमांक 8554 दिनांक 29/12/2021 को गुमराह कर यह आदेश निकलवाया की सहायक यंत्री महोदय का सत्यापन आवश्यक है जिसमें सहायक यंत्री द्वारा 4/1/2022 में सत्यापन भिजवा दिया गया लेकिन नामदेव बाबू की मनमानी की वजह से आज दिनांक तक मनरेगा पोर्टल फर्म रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया जबकि विश्वसनीय सूत्रों द्वारा बताया गया है कि आज दिनांक तक अभी तक कोई ऐसी सत्यापन नहीं लगी है ठाकुर बाबा टेटस प्रोपराइटर अमोल सिंह के नाम से है वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की गई है कि मेरी फॉर्म का मनरेगा पोर्टल पर रजिस्टर करने की कृपा करें जिससे मेरी बिलों का भुगतान हो सके एवम् दोषी बाबू के खिलाफ विधिवत दंडात्मक कार्रवाई करने की कृपा करें जिससे भविष्य में जिले के क्षेत्र वासियों की इस प्रकार की स्थिति उत्पन्न ना हो




**जिला पंचायत में नामदेव बा बू फार्म को मनरेगा पोर्टल पर दर्ज करने की मांग रहे रुपए 8000**

# गायत्री शक्तिपीठ खतौरा की 15 वीं, एवं स्वर्गीय श्री रामसिंह ददा जी की चतुर्थी वर्ष गांठ मनाई गई

**दैनिक पुष्पांजलि टुडे**
**संजीव शर्मा खतौरा**

गायत्री शक्तिपीठ खतौरा पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी कोरोना गाइड लाइन का पालन करते हुए। सभी परिजन मास्क लगाते हुए वार्षिक उत्सव कार्यक्रम की 15-वी वर्षगांठ एवं गायत्री शक्तिपीठ खतौरा के संस्थापक श्री राम सिंह दादा जी की चतुर्थी पुण्य स्मृति में विशाल मंगल कलश यात्रा निकाली गई । जिसमें संपूर्ण कलश यात्रा में कोरोना का समस्त जनता के लिए संदेश दिया गया । सर्वप्रथम चार परिजन पीपीडी किट पेहनकर कलश यात्रा के आगे आगे चलते हुए, लोगों को संदेश दिया कि कोरोना से बचें घबराए नहीं ।उनके साथ साथ दो डॉक्टर चल रहे थे जो कि उनका निर्देश था कि समय पर वैक्सीन लगाएं, हमेशा मास्क पहने और कोरोना के सदवाक्य छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से रैली में निकाले गए जो कि यह संदेश दे रहे थे कि प्रत्येक व्यक्ति मास पहने ,जरूरी हो तो ही घर से बाहर निकले ,सर्दी खांसी होने पर समय पर डॉक्टर से इलाज करवाएं और समय पर वैक्सीन लगवाएं और लोगों से दूरी बनाकर रखें । इसके साथ-साथ कलश यात्रा की माताएं बहने मास्क लगाते हुए कदम से कदम मिलाकर आगे चल रही थी, यह सुंदर दृश्य सभी खतौरा एवं दूर-दूर गांव गांव से आए हुए परिजनों ने देखा और कोरोना रूपी झांकी का दर्शन किया । आज 17 जनवरी को मंगल कलश यात्रा का कार्यक्रम दीप यज्ञ ,तत्पश्चात भोजन प्रसादी करा - कर कार्यक्रम का समापन किया । दूसरे दिन 18 जनवरी को प्रातः 8ः00 यज्ञ एवं विभिन्न संस्कार और संपूर्ण कार्यक्रम की पूर्ण आहुति की जाएगी ।



### आप सभी कार्यक्रम में सादर आमंत्रित हैं ।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी गायत्री परिवार के परिजन, क्षेत्रीय जनता, पूर्व विधायक एवं महिला मंडल ,प्रज्ञा मंडल आदि परीजन उपस्थित थे।

# राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त डॉ कुशवाह का मौ नगर में हुआ भव्य स्वागत



**महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे**

मौ। आज मौ नगर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनारायण सिंह कुशवाह ने अपने निजी निवास पर कार्यकर्ताओं के साथ नव युक्त बीज निगम उपाध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा प्राप् एचबीत माननीय डॉक्टर राजकुमार कुशवाहा जी अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय लाल आर्य जी भारत भदौरिया जी, भाजपा गोहद पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल सिंह तोमर जी अनिल भारद्वाज जीका भव्य स्वागत किया पवन कुशवाह सरपंच (धनौली ),मलखान कुशवाहा सरपंच (इटाएली ),सुंदर सरपंच (केशवपुरा), रामनरेश कुशवाह सरपंच (बडेरा), रामजी लाल शर्मा मंडल (उपाध्यक्ष), अमर सिंह कुशवाह ,रामवीर कुशवाह ,लल्लू राम कुशवाहा ,अशोक गोयल, नवाब कुशवाहा, डॉक्टर रामभरोसे कुशवाहा ,राजू मिश्रा मंडल (महामंत्री), सुखपाल गुर्जर,अमित गुर्जर, मुन्ना गुर्जर (बहैरा ),अवधेश कुशवाह ,जस्सू कुशवाह ,विक्रम कुशवाहा ,गुप्ता जाटव ,मुरारी यादव (सलमपुरा ),रवि यादव, दलबीर यादव, छोटू यादव,जीशान खान ,आकाश खान, अप्पू खान ,आमिर खान, चतुर सिंह कुशवाह, राजू कुशवाहा, अशोक कुशवाह (बहैरा ),श्याम सुंदर कुशवाहा, संजू फौजी ,कोक सिंह कुशवाह ,शिवम कुशवाह ,सूरज कुशवाह, संजू शिवहरे, अभिषेक कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

# विधायक हिना कावरे ने किया सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

बालाघाट जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो इसके लिए जिले की लांजी सिविल अस्पताल में एक और तकनीकी उपलब्धि हासिल हो गई है। क्षेत्र का सिविल अस्पताल दिन प्रतिदिन स्वास्थ्य सुविधाओ में तकनीकी रूप से बेहतर होते जा रहा है। जंहा सिविल अस्पताल का नया भवन बनकर तैयार हो गया है। वंही मिलने वाली तकनीकी सुविधाऐं भी बेहतर होते जा रही है, विगत दिनों जंहा सिविल अस्पताल लांजी डीआरडीओ से स्थापित आक्सीजन प्लांट, श्रीवास्तव जी के द्वारा प्रदत्त आक्सीजन प्लांट, सर्वसुविधायुक्त पैथोलॉजी, डिजिटल एक्स-रे मशीन सहित समस्त तकनीकी सुविधाओ में 17 जनवरी को एक और सुविधा सिविल अस्पताल में जुड गई। वह सोनोग्राफी मशीन जिसकी महत्ती आवश्यकता थी, इसकी पूर्ति की है लांजी विधानसभा क्षेत्र की विधायक सुश्री हिना लिखीराम कावरे ने जिनके द्वारा अपनी विधायक निधी 2020-21 से स्वीकृत 18 लाख 86 हजार 493 रूपये की लागत से सिविल अस्पताल लांजी में 17 जनवरी को सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ, उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारी कार्यकर्ताओ, एवं डॉक्टरो की प्रमुख उपस्थिति में फीता काटकर किया गया। सोनोग्राफी मशीन को लेकर विगत कई वर्षो से चर्चाऐं आम थी की कब लांजी में सोनोग्राफी मशीन आयेगी क्योंकि सर्वाधिक सोनोग्राफी की आवश्यकता गर्भवती महिलाओ को होती है जिनके लिये उन्हे गोंदिया या बालाघाट जाना पडता था, जो कि शारीरिक रूप से कष्ट दायक तो था ही अपितु आर्थिक रूप से भी अत्यंत पीडा दायक था, क्योंकि महज सोनोग्राफी करवाने के लिये निजी या किराये के वाहन से गोंदिया - बालाघाट जाना जिसमे 1500 से 2000 रूपये वाहन किराया लग जाता है, अस्पतालो मे जाकर सोनोग्राफी करवाने का शुल्क तकरीबन 1500 रूपये है। इसके अतिरिक्त आने जाने मे समय खराब होना, शारीरिक पीडा अलग होती है, इन सभी से अब छुटकारा मिल जायेगा और गर्भवती महिलाओं के साथ - साथ उन मरीजो के लिये भी सुविधा जनक हो गया। जिन्हे अन्य किसी भी बिमारी के परखने के लिये सोनोग्राफी की आवश्यकता पडती है। वंही 17 जनवरी को पहली सोनोग्राफी अनिता संदीप गिरी निवासी मनेरी की डॉ श्रद्धा बारमाटे के द्वारा किया गया।



### स्थाई तकनीशियन की आवश्यकता है

सिविल अस्पताल लांजी में 17 जनवरी को विधायक सुश्री हिना कावरे के द्वारा सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ करने के पश्चात उपस्थित जन मानस के द्वारा तथा क्षेत्र के लोगो के द्वारा हिना कावरे का धन्यवाद ज्ञापित किया कि अपने विधायक निधी से क्षेत्र के लोगो के लिये निश्चित रूप से एक सौगात दी है, लांजी में सोनोग्राफी मशीन की बहुत जरूरत थी जिसे आपने पूर्ण किया है, आगे भी सिविल अस्पताल लांजी के लिये आप और बेहतर करेगी। सिविल अस्पताल लांजी में सोनोग्राफी मशीन का शुभारंभ कर दिया गया है, लेकिन वर्तमान में पूर्ण कालिक डॉक्टर, तकनीशियन उपस्थित नही है, फिलहाल अस्थाई रूप से सुविधा मिलने के लिये प्रत्येक सोमवार को डॉ श्रुति बिसेन को रोजाना लांजी उपस्थित रहने के लिये कहा गया है, जो कि प्रत्येक सोमवार को लांजी पंहुचकर सोनोग्राफी कर मरीजो को देखेगी।

### ये रहे प्रमुख रूप से उपस्थित

सोनोग्राफी मशीन शुभारंभ कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र खोंगल रोगी कल्याण समिति विधायक प्रतिनिधि, मुकेश जोशी, शेषराम रहांगडाले, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लांजी अध्यक्ष अजय अवसरे, नगर अध्यक्ष प्रमोद अग्रवाल, बहेला अध्यक्ष ऋषि पटेल, विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मोनु पशीने, उपाध्यक्ष शरद आसटकर, देवेंद्र कबीरे, जनपद सदस्य राजु मेंढे, पवन कश्यप, सिद्धिक अंसारी, आसिफ बेग, अथर आलम, बब्ली मिश्रा, जीतु मोरघड़े, लिलाराम मानकर, अफसाना सिद्धिक अंसारी, जिला पंचायत सदस्य मनिषा रविन्द्र धारने, ज्योति महेन्द्र सोनवाने, पुनम शरद आसटकर, मुकेश दशरिया, प्रवीण दुबे, धनेन्द्र दुरुगकर, लिखेन्द उपराड़े, रविन्द्र धारने, आशिष सोनू श्रीवास्तव, विजय वारे, मनीष जुझार, दिनेश चौहान, राजेश्वर चौधरी, सुरेश चौधरी, भरतलाल टेंभरे, रविन्द्र दुबे, वंही प्रशासनिक अधिकारियो में एसडीएम श्रीमती ज्योति ठाकुर, एसडीओपी दुर्गेश आर्मो, रंजीत ताराम जनपद सीईओ, डा. प्रदीप गेडाम, डा. सुजाता गेडाम, डा. अंकित खरोले, डॉ रहमतकर, मनिष पांडे, इन्द्रजीत अहिरवार, सचिन रावल सहित संपूर्ण सिविल अस्पताल स्टाफ उपस्थित रहा।

# महावीर इंटरनेशनल लांजी ने अति नक्सल प्रभावित वनांचल भक्कुटोला, मेंढरा में कम्बल,स्वेटर टोपी, साड़ी का वितरण किया

**रितेश कटरे ब्युरो चीफ पुष्पांजलि टुडे बालाघाट**

ग्राम मेंढरा में महावीर इंटरनेशनल लांजी के द्वारा अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र ग्राम भक्कुटोला, मेंढरा (लांजी ) के ग्रामीणों को कंबल ,स्वेटर, टोपी, साड़ी, वितरण किया गया। उक्त कार्यक्रम महावीर इंटरनेशनल जिला बालाघाट एवं महावीर इंटरनेशनल लांजी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में सहयोगी श्री वीर एम के जैन जी ( एमआई जी ए) नई दिल्ली के द्वारा कंबल वितरण का कार्य संपन्न किया गया। महावीर इंटरनेशनल के अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर सोहन वैद्य एवं महावीर इंटरनेशनल महाकौशल जोन के चेयरमैन वीर सुशील जैन के मार्गदर्शन में पूरे जिले में सघन आदिवासी क्षेत्रों में कंबल ,स्वेटर, टोपी,साड़ी वितरण का कार्य किया जा रहा है । विशाल राउत खोंगल डिप्टी डायरेक्टर × चेयरमेन लांजी एवं महावीर इंटरनेशनल के सभी सदस्य एवं स्थानिय युवा एवं नागरिकों द्वारा सहयोग दिया गया। लांजी विधानसभा के अंतर्गत ग्राम भक्कुटोला, मेंढरा के निवासियों की समस्याओं को सुना और मौका स्थल पर जाकर देखा एवं ग्राम वासियों की बात से रूबरू हुए तथा जल्दी ग्रामीणों की समस्याओं के लिए शासन का ध्यानाकर्षण कर रोड , पानी, बिजली की समस्याओं को शासन तक अवगत कराया जाएगा। सरकार द्वारा नक्सल प्रभावित में आने वाले ग्रामों के विकास के लिए कई प्रकार की योजना चला रही है विधानसभा के अंतर्गत कई योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल रहा है। इसी क्रम में महिलाओं में जागृति के लिए इंटरनेशनल ग्रामीण महिलाओं को जागृत करना के साथ साथ कई विषय में अवगत करा रहा है, एवं सेनेटरी नेपकिन के विषय में जानकारी एवं निशुल्क सामग्री प्रदान किया गया।



### इसके पूर्व इन गांवों में सहयोग किया है महावीर इंटरनेशनल टीम ने

इसके पूर्व भी निशुल्क नेत्र मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर, एवं स्वास्थ शिविर, सेनेटरी नेपकिन शिविर और शिक्षा,कृषि , रोजगार शिविर महावीर इंटरनेशनल लांजी द्वारा कादला, खराड़ी, पंढारी, बेलगांव, देवरीबेली , सायार संदुका, टेमनी, खामार्डिह,केराडिह ,गुलपुर, नल्लेझरी, मचूरदा , सल्सुली, खुर्शीटोला, सितेपला, कट्टिपार,क्षेत्र के अंदर जाकर कार्य किया है। इनका उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा जागरूक कर इन परिस्थितियों में आर्थिक रूप से बहुत कमजोर हो गए लोगों को उन्हें मजबूत करना है हमारी संस्था का उद्देश्य मानव सेवा सबकी सेवा सबको प्यार, जियो और जीने दे की सेवा भावना को लेकर देश में हम जनमानस में अच्छी भावना पैदा हो स्वास्थ्य के प्रति सजग और शिक्षा के प्रति सजग हो स्वयं आत्मनिर्भर बने और इस देश भी सबल बने , हम अगर मजबूत होंगे तो हमारा देश की मजबूत होगा हम इसी उद्देश्य से ग्रामीण अंचलों में जा जाकर पहुंच पहुंच कर उन्हें स्वास्थ्य को लेकर सेवाएं दे रहे हैं और अन्य जानकारी ने प्रदान करें ताकि लोग मजबूत बने और आगे बढ़े।

### इनका रहा विशेष योगदान

महावीर इंटरनेशनल रीजन-9 (महाकौशल जोन विदर्भ जोन छत्तीसगढ़ राज्य ) के डिप्टी डायरेक्टर और चेयरमैन लांजी विशाल राउत खोंगल, दिलीप धनोले गणेश धनोले राजकुमार सर्राटे युगल सातपुते दिनाराम कोड़वत्ती भोजू पंन्द्रे सम्पत पंन्द्रे गेन्दलाल चौधरी सिद्धार्थ रामटेके कैलाश धनोले समीर धनोले ,भूपेश कार्रेहे, राधेश्याम नखाते, चंद्रदीप बंटी रामटेके, रूपेश नखाते, दादू नकतोड़े,दयाराम भगत,एवं सभी स्थानीय ग्रामीण जन का पूर्ण सहयोग रहा।

# कड़कड़ाती ठंड में कलेक्टर एवं निगम कमिश्नर ने बस स्टैंड एवं रेलवे स्टेशन पर पहुंच कर जरूरतमंदों को दिए कंबल





ग्वालियर। कड़कड़ाती ठंड में खुले आसमान के नीचे रह रहे नागरिकों को राहत प्रदान करने के लिए सोमवार रात को कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल शहर में घूमे और जरूरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया। सहायक संचालक जनसंपर्क श्री मधु सोलापुरकर ने भी उनके साथ शहर भ्रमण कर जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए।

इस कड़कड़ाती सर्दी में जहां हम अपने घरों में बैठकर ही सर्दी से परेशान हैं वहीं खुले आसमान के नीचे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, रैन बसेरा एवं विभिन्न चौराहों पर रहने को मजबूर लोगों की परेशानी को समझते हुए कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल ने रात्रि में शहर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण किया तथा रैन बसेरों को देखा और जहां भी जरूरतमंद लोग देखे उन्होंने स्वयं अपने हाथों से उन्हें कंबल उड़ाया।

## वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में कम अंक आने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

ग्वालियर। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना ने आज स्वच्छता की समीक्षा के लिए आयोजित वीडियो कांफ्रेंसिग में वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में बॉटम 5 में आने वाले वार्डों के मॉनीटर से चर्चा कर कम अंक आने पर नाराजगी व्यक्त की तथा वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में कम अंक आने के लिए संबंधित डब्ल्यूएचओ के साथ ही वार्ड मॉनीटर एवं संबंधित सहायक स्वास्थ्य अधिकारी के खिलाफ भी कार्यवाही के निर्देश दिए तथा सभी अपर आयुक्तों को निर्देशित किया कि वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन एवं सफाई कर्मचारियों की समस्या का निराकरण सुनिश्चित करें। वीडियो कांफ्रेंसिग में नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सहित सभी अपर आयुक्त, उपायुक्त, वार्ड मॉनीटर एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

वीडियो कांफ्रेंसिग के दौरान निगमायुक्त श्री कन्याल ने सभी क्षेत्राधिकारियों को निर्देश दिए कि कोविड संक्रमण को रोकने एवं कोविड मरीजों के यहां दवा पंहुचाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर करें और कोविड के साथ ही स्वच्छता के लिए भी कार्य करें। इसके साथ ही कोविड संक्रमित मरीज के घर बेरिकेटिंग एवं बायोमेडीकल बेस्ड कलेक्शन का कार्य भी संबंधित अधिकारी सुनिश्चित करें।

इसके साथ ही निगमायुक्त श्री कन्याल ने निर्देश दिए कि वार्डों में साफ सफाई के साथ ही नाली की सफाई पर भी ध्यान दें तथा कचरा ठियों को पूर्ण रुप से साफ करें जब कचरा ठिया पूर्ण रुप से बंद हो जाएंगे तो सेकेन्डरी कचरे के लिए लगे वाहन खाली हो जाएंगे और उनका उपयोग भी डोर टू डोर के लिए किया जा सकेगा। चर्चा के दौरान अन्य आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।

## कलेक्टर के मानवीय व्यवहार से भाव-विभोर हुई महिला



ग्वालियर। कम्पू क्षेत्र की निवासी एक महिला अपनी समस्या लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुँची थी। वह महिला जब अपनी समस्या बता रही थी तब कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने देखा कि क?ाके की सर्दी के बाबजूद महिला ने गरम कप? नहीं पहन रखे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से ताल्लुक रखने वाली इस महिला की सहृदयता के साथ उसकी बात सुनी। साथ ही मानवता का परिचय देकर अपनी जेब से पैसे निकालकर एक कर्मचारी को दिए और दुकान से नया स्वैटर मंगवाकर उस महिला को सौंपा। स्वाभिमानी प्रवृत्ति की इस महिला ने पहले तो स्वैटर लेने से इनकार किया पर कलेक्टर श्री सिंह द्वारा बार-बार आग्रह करने पर वह स्वैटर लेने को तैयार हो गई। कलेक्टर ने महिला को भरोसा दिलाया है कि शासकीय प्रावधानों के तहत पूरी शिद्दत के साथ आपकी समस्या का समाधान भी कराया जायेगा। जिलाधीश की आत्मीयता से गदगद वह महिला प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन को दुआयें देती अपने घर लौटी।

## साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में वार्ड 21 टॉप पर एवं वार्ड 48 बॉटम में

ग्वालियर। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत नगर निगम ग्वालियर द्वारा की जाने वाले साप्ताहिक वार्ड स्वच्छता रैंकिंग में इस सप्ताह प्रथम स्थान पर 100 में से 94.5 अंक प्राप्त कर वार्ड 21 रहा है तथा 68 अंक प्राप्त कर वार्ड 48 ने सबसे आखिरी स्थान प्राप्त किया है। संभागीय आयुक्त एवं निगम प्रशासक श्री आशीष सक्सैना एवं नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल की पहल पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 के तहत की जा रही तैयारियों को लेकर नगर निगम ग्वालियर द्वारा सभी 66 वार्डों में प्रति सप्ताह वार्ड स्वच्छता रैंकिंग की जा रही है जिसके तहत स्वच्छता सर्वेक्षण के मापदंडों के आधार पर वार्डों की स्वच्छता रैंकिंग कर उन्हें अंक दिए जा रहे हैं।

## जियो साइंस ऑफ इंडिया के अधिकारियों ने की जियो साइंस म्यूजियम की प्रगति की वर्चुअली समीक्षा



ग्वालियर दिनांक 17 जनवरी 2022 - जियो साइंस ऑफ इंडिया के अधिकारियों द्वारा ग्वालियर के महाराज बाडे पर बन रहे जियो साइंस म्यूजियम की समीक्षा गूगल मीट के माध्यम से की तथा अंदर की गैलरियों का कार्य कर रही सीएमडी कंपनी द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में नोडल अधिकारी श्री पवन सिंघल, प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री महेंद्र अग्रवाल, प्रोजेक्ट इंजीनियर श्री पवन शर्मा, श्री जोहेब सिद्दीकी एवं ठेकेदार प्रतिनिधि श्री संजय मित्तल उपस्थित रहे।

बालभवन में गूगल मीट के माध्यम से शामिल हुए समीक्षा बैठक के दौरान कोलकत्ता की सीएमडी कंपनी द्वारा तैयार की जा रही म्यूजियम की आंतरिक गैलरियों का कार्य शीघ्र पूर्ण करने के संबंध में चर्चा की गई। जियो साइंस ऑफ इंडिया के अधिकारियों द्वारा नगर निगम ग्वालियर को कैमरे एवं बाहय विद्युतीकरण का कार्य कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही अन्य बिन्दुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

## नगर निगम ग्वालियर के लिये श्री बनवारिया होंगे रजिस्ट्रीकरण अधिकारी



ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के तहत नगर पालिकाओं के आम निर्वाचन-2022 के लिये फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण-2022 का कार्यक्रम जारी किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लश्कर श्री अनिल बनवारिया को नगर पालिका निगम ग्वालियर के समस्त वार्डों (1 से 66 तक) के लिए रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया है। संशोधित आदेश के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ग्वालियर सिटी श्री प्रदीप सिंह तोमर को नगर निगम के वार्ड 8 से 14 तक एवं तहसीलदार श्रीमती नीना गौर को वार्ड 51 से 57 तक के लिये सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।




## 455 करोड़ से हाउसिंग बोर्ड करेगा आयुष मिशन के लिए 13 जिलों में निर्माण कार्य

ग्वालियर । आयुक्त म.प्र. हाउसिंग बोर्ड एवं अधोसंरचना मंडल भरत यादव ने बताया कि प्रदेश के 13 जिलों में आयुष विभाग द्वारा पंचकर्म चिकित्सा केन्द्रों के निर्माण कार्य का दायित्व म.प्र. हाउसिंग बोर्ड को सौपा गया है। उन्होंने बताया कि 35 लाख रुपये प्रति विंग के मान से निर्माण के लिये स्वीकृत किये गये हैं। इस प्रकार 13 जिलों में 455 करो? की राशि निर्माण कार्य पर व्यय की जायेगी। इन 13 जिलों में भिण्ड, अलीराजपुर, आगर-मालवा, रीवा, अनूपपुर, बैतूल, भोपाल, धार, बुरहानपुर, मुरैना, उज्जैन, सिंगरौली एवं खण्डवा जिलों में निर्माण कार्य किये जायेंगे। आयुक्त भरत यादव ने बताया कि इसके अलावा ग्वालियर स्थित फॉर्मेसी कॉलेज के लिये 94 लाख 94 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि म.प्र. हाउसिंग बोर्ड द्वारा विगत समय से मध्यप्रदेश में उत्कृष्ट भवन निर्माण की श्रंखला प्रारंभ की गई है। उन्होंने बताया कि ग्वालियर के सूर्य नगर में निर्मित आवासीय योजना के अंतर्गत 13,417 करो? की लागत से 191 आवासों का निर्माण किया है। इनमें भवन का मूल्य अधिकतम 25 लाख 83 हजार रुपये है।

## किसी के भी प्रति मन में नहीं आने चाहिए गलत विचारः



ग्वालियर ।मनुष्य को हमेशा पुण्य के काम करते रहना चाहिए। मनुष्य को अपने विचार भी पुण्य वाले ही रखने चाहिए। हमारे मन में कभी भी किसी के प्रति गलत विचार नहीं आने चाहिए। ऐसा करने वाले मनुष्य से ईश्वर भी प्रसन्न रहते हैं और ऐसा व्यक्ति निरंतर उन्नति के पथ पर आगे बढ़ता रहता है। यह बात वात्सल्य सरोवर राष्ट्रसंत मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज सोमवार को नई स?क स्थित चंपाबाग जैन धर्मशाला में धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मंच मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सागर महाराज व ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे।

मुनिश्री ने कहा कि हमें कभी भी किसी के प्रति गलत विचार नहीं रखने चाहिए। कभी किसी का बुरा नहीं सोचना चाहिए। ऐसा करने वाले मनुष्य का पतन निश्चित होता है। हमें हमेशा धर्म के कार्य करते रहना चाहिए। धर्म करने वाला मनुष्य पुण्य का फल स्वतः ही प्राप्त कर लेता है। हमें अपनी दृष्टि हर किसी के प्रति समान रखना चाहिए। समान दृष्टि रखने वाला व्यक्ति कभी पाप नहीं कर सकता। यदि अनजाने में पाप हो भी जाए तो उसे सुधार लेना चाहिए।

### मुनिश्री को श्रीफल च?ाकर अर्शीर्वाद लिया

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन आदर्श कलम ने बताया कि धर्मसभा का शुभारंभ ब्राह्मचारिणी रीना दीदी ने मंगल चरण भजन से किया। धर्मसभा से पहले मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के चरणों मे श्रीफल बालचंद जैन, विनय कासलीवाल, अनिल जैन, आशीष जैन, पंकज बाकलीवाल, प्रकाशचंद जैन, सुनील भंडारी समर्पित किया। मुनिश्री को शास्त्रभेंट अनिल दीपिका जैन ने भेंट किया।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478